# अजमानी पब्लिक स्कूल ने रचा इतिहास, प्रतिभाशाली बच्चों ने बनाई अलग पहचान

## देशभर में अवार्ड हासिल कर बढ़ा रहे जिले का मान




लखीमपुर खीरी। राज्यपाल समेत अनेक सम्मानों से अलंकृत अजमानी पब्लिक स्कूल की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गुरजीत कौर अजमानी ने अपने विद्यालय की अलग पहचान बनाई है। उनके कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने जिले, प्रदेश एवं देश में शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, प्रतियोगिताओं में भी प्रथम स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है।

प्रबंध निदेशक गुरजीत कौर अजमानी ने बताया कि 2003 में विद्यालय की स्थापना हुई। साल दर साल यहां के मेधावी बच्चे कीर्तिमान स्थापित करते रहे, जिससे विद्यालय की जिले से लेकर प्रदेश और देश स्तर तक अलग पहचान बनी। सत्र 2022-23 में विद्यालय की छात्रा कुमारी अनाद्या सिंह ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक पाकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया था। अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में लगातार तीन वर्षों से विद्यालय के विद्यार्थी बाजी मार रहे हैं। 2022 में कक्षा नौ के हिमांशु सिंह, कक्षा 10 की शिवांशी पांडेय और कक्षा 12 की आशी रस्तोगी ने राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान हासिल किया। 2023 में कक्षा तीन की नियति गुप्ता, कक्षा आठ के प्रवेश जौहरी और कक्षा 10 के पियूष पांडेय ने राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान हासिल किया। 2024 में कक्षा तीन के तनय राज, कक्षा चार के सिद्धार्थ कनौजिया, कक्षा सात के अमृत रस्तोगी, कक्षा 10 के आदित्य अवस्थी, कक्षा 12 की रिया वर्मा को राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान, जबकि कक्षा चार के अहाना शर्मा, कक्षा 10 की आकृति पटेल और कक्षा 11 के मधुर पटेल को हिन्दी बाल श्रेष्ठ सम्मान से विभूषित किया गया।

### विद्यालय में ये हैं सुविधाएं

- एयर कंडीशनर कंप्यूटर लैब
- हाईटेक एवं एयर कंडीशनर ऑडीटोरियम
- बच्चों के पठन पाठन के लिए हाईटेक लाइब्रेरी
- हाइटेक फिजिक्स, केमिस्ट्री और बॉयोलॉजी लैब
- पीजी से यूकेजी तक एयर कंडीशनर रूम मय एलईडी
- आउटडोर एवं इनडोर गेम की सुविधा
- बच्चों को घर से लाने और ले जाने की सुविधा

### हिन्दी उन्नायक सम्मान से अलंकृत हो चुकी हैं गुरजीत कौर अजमानी



अजमानी पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशक गुरजीत कौर अजमानी लगातार बच्चों को संस्कारवान बनाने और उनमें प्रतिभा का निखार लाने के लिए प्रयासरत हैं। उनके द्वारा हिन्दी के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी प्रेरक सम्मान एवं हिन्दी उन्नायक सम्मान से अलंकृत किया गया है। वह निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने की मुहिम भी चला रही हैं। वह बताती हैं कि उनके स्कूल में कार्यरत आया को वेतन लेने के दौरान अंगूठा लगाते देख उनके मन में ऐसी महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए कक्षा चलाने का विचार आया। इसके बाद अन्य स्टाफ को निरक्षर महिलाओं को तलाशने की जिम्मेदारी दी। 2015 से वह निरक्षर महिलाओं को साक्षर बना रही हैं।

ADVT
































# मजदूरों के भरोसे दो करोड़ का नाला, मानकों से नहीं मतलब

## उठ रहे सवाल : चौड़ाई से लेकर अन्य बिंदुओं मानकों की अनदेखी का आरोप, दीवार का हिस्सा ढहा, नहीं कराई टेक्निकल जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : कस्बा बरखेड़ा में करीब दो करोड़ की लागत का निर्माणाधीन नाला बीते दिनों कुछ हिस्सा ढहने के बाद सवालों में घिरा है। मानक की अनदेखी का शोर मचा है। स्थानीय लोगों की मानें तो तकनीकी निगरानी के अभाव में यहां महज मजदूरों के भरोसे ही काम छोड़ दिया गया है। चौड़ाई से लेकर गहराई तक, हर पहलू में लापरवाही प्रतीत हो रही है। मगर, इसका हिस्सा ढहने के बाद भी जिम्मेदारों ने टेक्निकल जांच कराने की सुध नहीं ली है।

बता दें कि पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग का चौड़ीकरण कार्य कराया गया है। इसके बाद नेशनल हाईवे की ओर कस्बा बरखेड़ा में सड़क के दोनों तरफ नाले का निर्माण कार्य करा दिया था।

इसके बाद अब नगर पंचायत प्रशासन की आरे से कस्बे में गंदे पानी के निकास के लिए नाला निर्माण कराया जा रहा है। ये नाला कस्बे में डिवाइडर की पूरब साइड में बनवाया जा रहा है। इसके लिए दो करोड़ का बजट खर्च कर 1.700 किमी बनाया जाना है। इसका पांच ठेकेदारों को काम मिला है, जिसमें सभी के लिए अलग-अलग काम निर्धारित किया गया है। हालांकि अभी तक दो ठेकेदारों ने ही निर्माण कार्य शुरू किया है, जबकि अन्य ठेकेदारों ने काम शुरू तक नहीं किया है। नगर पंचायत के जिम्मेदारों के अनुसार, इन सभी ठेकेदारों को वर्क ऑर्डर मार्च के आखिर में जारी किए गए थे। एक ठेकेदार ने करीब 170 फीट की दीवार दोनों तरफ बनाकर तैयार कर दी थी। मगर, सप्ताह भर से कम समय में ही 30 फिट का हिस्सा ढह गया था।

सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद इसका आनन-फानन में ठेकेदार ने दोबारा निर्माण करा दिया। इसकी अधिकारियों ने न तो कोई पड़ताल कराई न ही टेक्निकल जांच। दीवार ढहने के अलावा नाले की अन्य हिस्से की दीवार भी चटकने लगीं।

स्थानीय लोगों की मानें इस नाले का निर्माण कार्य मजदूरों के भरोसे छोड़ दिया है। इसके स्ट्रक्चर पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। यह नाला सीधा न जाकर कई जगह घूमा है और कुछ जगह तो चौड़ाई कम हो गई है। जेई के अनुसार इस नाले के ड्राइंग में दीवार की मोटाई 15 सेमी तय की गई है, लेकिन मौके नाले की दीवार की मोटाई कहीं 11 तो कहीं 13 -14 सेमी निकल रही है। पूरे नाले में कहीं भी सामान्य चौड़ाई नहीं है। इसके अलावा नाले के भीतर स्लोब तक नहीं डाला गया। सिर्फ मिट्टी और गिट्टी बिछाकर औपचारिकता पूरी कर ली गई है।



नगर पंचायत बरखेड़ा क्षेत्र में बन रहा नाला कहीं सकरा तो कहीं चौड़ा।



नगर पंचायत के निर्माणाधीन नाले का हिस्सा। ● अमृत विचार

### जेई बोले: हमने दी थी सलाह, ठेकेदार नहीं माना

इस निर्माणाधीन नाले की कुछ हिस्से की दीवार ढहने के बाद जिम्मेदारों ने तर्क दिए थे कि नजदीक के ही एक गृहस्वामी की ओर से बनने के कुछ समय बाद ही मिट्टी आदि डाल दी थी, जिससे दीवार ढह गई। इसमें गुणवत्ता को लेकर बिना जांच के ही क्लीन चिट देने की तैयारी कर ली गई थी। वहीं, नगर पंचायत से संबंद्ध पीडब्लूयडी के जेई केपी सिंह का कहना है कि नाले की दीवार बनने के बाद ही बारिश हो गई और दीवार ढह गई थी। उनका ये भी तर्क था कि काम में एनओसी के चलते पूर्व में देरी हुई। फिर मानसून को देखते हुए अभी काम शुरू ना कराने की सलाह दी थी, लेकिन ठेकेदार ने नहीं माना और काम शुरू करा दिया। फिलहाल अब बारिश का हवाला देते हुए काम बंद कराए जाने की बात कही जा रही है। मगर गुणवत्ता की जांच अभी भी नहीं कराई गई है।

### पीलीभीत में नाले की गिरी दीवार पर हुई थीं कई जांच

कस्बा बरखेड़ा में बनवाए जा रहे नाले की दीवार ढहने के बाद अभी तक भले कोई टेक्निकल जांच न कराई गई हो, लेकिन बीते साल नगर पालिका पीलीभीत क्षेत्र में बनवाए जा रहे नाले की दीवार का हिस्सा बारिश में ढह गया था, उस वक्त तमाम जांचें कराई गई थी। जिला स्तर पर टीम गठित करने के अलावा शासन के निर्देश पर मंडलायुक्त की ओर से भी टीएसी जांच कराई गई थी।

- नगर पंचायत बरखेड़ा में 1700 मीटर का पांच ठेकेदारों को मिला है काम

नगर पंचायत बरखेड़ा की ओर नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके कुछ हिस्से जो दीवार ढह गई थी, उसे ठेकेदार के द्वारा पुन: ठीक कराया जा चुका है। – **नागेंद्र पांडेय**, एसडीएम बीसलपुर/प्रभारी ईओ

नगर पंचायत बरखेड़ा क्षेत्र में निर्माणाधीन नाले की दीवार ढहने का मामला संज्ञान में आया था। इस मामले का संज्ञान लिया गया है। एसडीएम बीसलपुर से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। एसडीएम की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। – **ऋतु पूनिया**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

## सार-संक्षेप

### मेधावियों को किया गया सम्मानित



**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारतीय बांसफोर परिवार महासमिति के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 10 वीं और 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण बच्चों का सम्मान किया गया। यह पुरस्कार समाज के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय नन्हूलाल व स्वर्गीय गुलाबो देवी की स्मृति में दिया जाता है। पीलीभीत के साथ ही बरेली के 26 बच्चों ने प्रतिभाग किया। समिति सदस्य कविता बंसवाल, जितेंद्र बंसवाल अनिल, अर्जुन, भगवती, राखी देवी,विवेक भारती आदि मौजूद रहे।

### शिवभक्तों का जत्था कछला रवाना



**बरखेड़ा, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव भोपतपुर से शिव भक्तों का जत्था कछला घाट के लिए रवाना हुआ। बिछुआ बाबा की मढी से पूजन के बाद रविवार को सभी रवाना हुए। कांवड़िये सोमवार को बिछुआ बाबा की मढी पर जलाभिषेक करेंगे। जत्थे में दिनेश गंगवार, प्रदुमन कुमार, नत्थूलाल, शिवा, दीपक, बंटू, वैभव, उमेश, विनय, राजू श्रीवास्तव सौरभ आदि शिव भक्त शामिल रहे।

### बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



**बरखेड़ा, अमृत विचार** : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की रविवार को कस्बा स्थित कार्यालय पर बैठक हुई। जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने ब्लॉक कमेटी के साथ संगठन सृजन अभियान के तहत चर्चा की। उन्होंने मंडल अध्यक्ष राहुल वर्मा के आवास पर बैठक की, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह मौर्य, उपाध्यक्ष रामनाथ, महासचिव श्रीकृष्ण वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष शिव शंकर कोली आदि मौजूद रहे।

### पकड़िया नाथ महादेव मंदिर समिति ने कराया भंडारा



**पीलीभीत, अमृत विचार** : श्रावण मास के पावन अवसर पर मोहल्ला तखान स्थित पकड़िया नाथ महादेव मंदिर की कार्यक्रम समिति की ओर से रविवार को भक्ति भाव और सामाजिक समर्पण से भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पुराने डाकघर के पास हुए भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूड़ी-सब्जी, हलवा, रायता, तहरी का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर अक्षित गंगवार, आयुष सक्सेना, आकर्ष मिश्रा, अथर्व सक्सेना, उत्कर्ष मिश्रा, हर्षित गंगवार, संतोष भारती, प्रांजल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ पर यज्ञ और गोष्ठी संपन्न



गायत्री शक्तिपीठ में हुए यज्ञ में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचारः** गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं गायत्री परिवार की जनपदीय गोष्ठी सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए। यज्ञ परिव्राजक राजेंद्र कुमार ने संपन्न कराया।

गोष्ठी में मां भगवती देवी गोशाला के प्रमुख अनंत राम पाल ने शान्ति कुंज की कार्य योजना पर चर्चा की। वरिष्ठ साधक लालता प्रसाद शास्त्री ने शान्ति कुंज द्वारा संचालित आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी पर चर्चा की। मनोज कुमार गुप्ता ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पर चर्चा करते हुए विस्तार से विचार रखे। इस मौके पर जिला समन्वयक लालाराम, मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी सत्यपाल यादव, पीलीभीत के मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी पीएल गंगवार, हरिशंकर, मेवालाल, देवकीनंदन, प्रताप सिंह, रामपाल गंगवार, श्रीपाल सिंह अनोखेलाल, चेतराम, सूरज पाल आदि मौजूद रहे।

# भगवा ध्वज के समक्ष अर्पित की गुरु दक्षिणा

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** बीसलपुर मार्ग पर स्थित एक बरात घर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक ब्रज प्रांत विनोद रहे। स्वयं सेवकों को गुरु का महत्व बताते हुए भगवा ध्वज के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में किसी व्यक्ति को गुरु न मानकर भगवा ध्वज को अपना गुरु माना गया है। उसी के समक्ष गुरु दक्षिणा अर्पित करते हैं। स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के समक्ष गुरु दक्षिणा अर्पित की। इस मौके पर नगर संघ चालक दिनेश, सह विभाग कार्यवाह भद्रपाल, जिला प्रचारक बीसलपुर अशोक, जिला कार्यवाह कृष्णपाल, जिला सेवा प्रमुख सुशील, विधायक बरखेड़ा महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद, नागेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# विकास नहीं, धर्म और जातियों में बांटने का चल रहा काम : राजू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी की ओर से पूरनुपर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जरा बुजुर्ग में पीडीए पंचायत आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और संदेश को इस मुहिम के तहत गांव-गांव घर घर पहुंचाया जा रहा है। मौजूदा सरकार को लेकर भी सियासी निशाना साधा। कहा कि आज विकास पर बात नहीं होती। हमें धर्म और जातियों के नाम पर बांटने का काम किया जा रहा है। मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरशद खां ने कहा कि आज रोजगार के लिए युवा दर-दर भटक रहा है। सरकारी संस्थाओ को निजी हाथों में देकर आरक्षण को खत्म करने का काम किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि किसानों, नौजवानों, महिलाएं, छात्र एवं युवा हर वर्ग दुखी है। महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष सतीश वर्मा ने किया। इस मौके पर राजेश कुशवाहा, शिवम यादव, छविनाथ वर्मा, आशीष कुशवाहा, राजेश कुशवह, रमेश पासवान, आशीष कुशवाहा, राजू वर्मा, मुकेश शर्मा, राजेंद्र मौर्या आदि मौजूद रहे।



सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, पूर्व विधायक अरशद खां व अन्य।

- पीडीए पंचायत में सपा नेताओं ने सरकार पर साधा निशाना

# पूर्व ग्राम प्रधान ने की डीएम से भुगतान कराने की मांग

पूरनपर, अमृत विचारः ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिमरिया ताल्लुके महाराजपुर की पूर्व प्रधान जासरा बेगम के पुत्र नाविर अली मंसूरी ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि उनकी मां के कार्यकाल में गांव में मिट्टी, रोड, इंटरलॉकिंग, दीवार, नाला आदि का काम कराया गया था। इसका कुछ भुगतान किया गया है। शेष 196000 रुपये का भुगतान अभी तक नहीं किया गया।

नाविर अली ने बताया कि कर्जदार उनके घर पर तकादा कर उनके परिवार को अपमानित कर रहे हैं। आरोप है ग्राम पंचायत अधिकारी उच्च अधिकारियों का आदेश की अनदेखी कर भुगतान नहीं होने दे रहे। उन्होंने डीएम से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। ये भी दावा किया है कि उन्होंने पत्र अपने खून से लिखकर भेजा है।

# मेधावियों का किया सम्मान शिक्षा का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की ओर से महाराज दक्ष प्रजापति जयंती कार्यक्रम और प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दूधिया नाथ महादेव मंदिर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष राजेश प्रजापति,विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव प्रेम शंकर प्रजापति रहे। मुख्य प्रवक्ता परमिंदर प्रजापति शाहजहांपुर, जिला अध्यक्ष राजेश प्रजापति ने अध्यक्षता की।

सर्वप्रथम अतिथियों ने महाराज दक्ष प्रजापति के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया गया। साथ ही प्रजापति समाज के हाईस्कूल और इंटर परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्रों को सम्मानित किया। कवि अंकित चक्रवर्ती को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अभिषेक प्रजापति ने किया। इस मौके पर जिला प्रभारी धर्मवीर प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष विपिन प्रजापति, जिला सचिव प्रवीन प्रजापति,जिला महामंत्री करन कुमार प्रजापति, सत्य प्रकाश प्रजापति, जिला मंत्री राम कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।



सम्मानित किए गए विद्यार्थी और अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

### मारपीट का वीडियो वायरल

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के टिकरी माफी गांव के पास हाईवे मार्ग के किनारे लगे ठेले पर फास्ट फूड खाने आए कुछ युवकों का बेंच पर बैठने को लेकर अन्य युवकों से विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने मारपीट की घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। दरोगा केपी सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।







# बिजली कर्मियों के घर मीटर लगाने का किया विरोध

**पीलीभीत, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व बैठक वसुंधरा कॉलोनी में सेवानिवृत्त जेई अशोक शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। इसमें अधिकारी कर्मचारी, पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स के घरों पर मीटर लगाने का विरोध किया गया। कहा कि इलेक्ट्रीसिटी रिफर्म एक्ट 1999 की धारा 23(7) एवं 2000 के तहत बिजली कर्मियों एवं पेंशनधारकों को मिल रही विभागीय सुविधाओं में कोई कटौती नहीं की जाएगी, न ही कोई बदलाव किया जाएगा। इसका हवाला देते हुए विरोध जताया गया। ज्ञापन को उच्च स्तर पर भिजवाने का आग्रह किया।

# आज उमड़ेगा शिव भक्तों का सैलाब, सज गए शिवालय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : सावन माह की शुरुआत हो चुकी है और आज पहला सोमवार है। आज शिवालयों में शिव भक्तों का सैलाव उमड़ेगा, जिसके लिए शिवालय सजकर तैयार हैं। एक दिन पूर्व ही बड़ी संख्या में कांवड़िये कछला घाट के लिए रवाना हुए, जो सोमवार को जलाभिषेक करेंगे। किसी तरह की दिक्कत न आए, ऐसे में पुलिस-प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

सावन माह के पहले सोमवार को लेकर प्राचीन गौरी शंकर मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में तमाम तैयारियां की गई हैं। जनपद से रविवार को काफी शिव भक्त बदायूं के कछला घाट पवित्र गंगा जल लेने रवाना हो गए, जो आज सोमवार को बाबा का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़िए के विश्राम के लिए हर बार की तरह इस बार भी नवीन मंडी समिति में विशेष इंतजाम किए गए हैं। रविवार शाम से ही कांवड़ियों का पहुंचना शुरू भी हो गए। डीजे की धुन पर दिन भर कांवड़ियों के जत्थे दौड़ते दिखाई दिए। सड़कों पर भोले के उद्घोष गूंजते रहे। ऐसे में मंडी समिति में दिन भर तैयारियों का दौर चलता रहा, ताकि कांवड़ियों की राह में कोई बाधा नहीं आए। इसके अलावा शिवालय भी सजाए जा रहे हैं।

पहले सोमवार को 500 से अधिक कांवड़िये जलाभिषेक करने पहुंचेंगे, जिसको लेकर मंदिरों में सजावट और बेरिकेडिंग की व्यवस्था कर दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से गौरीशंकर मंदिर और दूधिया नाथ मंदिर में छह सीसी कैमरे भी लगवाए गए हैं। मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग के अलावा जगह जगह बैरियर लगवाए जा रहे हैं। वहीं मंदिर परिसर में लगभग 25 वालंटियरों की डयूटी भी लगाई गई है, जो भीड़ को नियंत्रित करने के अलावा अन्य व्यवस्थाओं को बनाने में पुलिस का सहयोग करेगी। आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा से बड़े वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। मंदिर के पूजारी पंडित शिव शंकर शर्मा ने बताया कि पहले सोमवार को करीब 250 से ज्यादा कांवड़ बाबा के दरबार में जलाभिषेक करेंगी। मंदिर प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर और प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कांवड़ियों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की जाएगी। सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खोले जाएंगे।



मंडी समिति परिसर में कांवड़ियों को लेकर लगाए जाते सीसीटीवी। ● अमृत विचार



रविवार को जल लेने के लिए रवाना होता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

- रविवार को कांवड़ियों के कई जत्थे हुए कछला घाट को रवाना
- कांवड़ियों के रूट पर चला काम मंडी में चलती रही तैयारियां

### गिधौर ग्राम पंचायत क्षेत्र से पुष्पवर्षा के बीच रवाना किए गए कांवड़िये

**मझोला, अमृत विचार** : तहसील अमरिया की ग्राम पंचायत गिधौर से कांवड़ियों का जत्था कछला घाट के लिए रवाना हुआ। हर हर महादेव जयघोष के साथ कांवड़िये रवाना हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कावड़ियों को गमछा भेंट कर स्वागत किया और कुशल यात्रा की कामना की गई। ये जत्था आज सोवमार को वापस आकर जलाभिषेक करेगा। शिव भक्त अजय निराला और उनकी टीम का मझोला पुलिस चौकी के पास भी बुलडोजर से फूल बरसाकर स्वागत किया गया।



### शिव भक्तों के स्वागत को चमक उठा द्वार



बता दें कि गौरीशंकर मंदिर मार्ग पर आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा पर बीते दिनों स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया था। जिसका काम पूरा हो चुका है। सावन माह के पहले सोमवार से पहले ही इसमें रोशनी के भी पुख्ता इंतजाम नगरपालिका की ओर से कराए गए। जिसके बाद शिव भक्तों के स्वागत के लिए ये द्वार चमक उठा। कई लोगों ने यहां पहुंचकर सेल्फी भी लीं।

### आज इन रास्तों पर लागू रहेगा रूट डायवर्जन

कांवड़ यात्रा को देखते हुए आज कई मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू रहेगा। टाइगर तिराहा से एकता सरोवर, नौगवां चौराहा से ईदगाह क्रासिंग, नौगवां चौराहा से एकता सरोवर, खकरा चौकी से आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा की ओर बड़े वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। मंडी में जाने वालेसभी वाहन मुख्य द्वार से न जाकर रामलीला रोड वाले गेट से प्रवेश करेंगे। मंडी के मुख्य द्वार के पास स्थित मंदिर के सामने वाले मार्ग पर किसी भी वाहन की आवाजाही बंद रहेगी। टनकपुर खटीमा की तरफ से बरेली जाने वाले वाहन मझोला से सितारगंज होते हुए जाएंगे। पूरनपुर से बरेली जाने वाले वाहन जेएमबी तिराहा से जहानाबाद की आरे से डायवर्ट किए जाएंगे। हालांकि एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं पर ये आदेश लागू नहीं होगा।

### बीसलपुर में तीन सेक्टर में होगी कांवड़ियों की सुरक्षा, सीसीटीवी से निगरानी

**बीसलपुर,अमृत विचार** : श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन व पुलिस महकमा पूरी तरह से अलर्ट है। कछला से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर बीसलपुर क्षेत्र को तीन सेक्टरों में बांटते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रमुख चौराहों व मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वहीं पुलिस फोर्स की तैनाती भी कर दी गई है। कांवड़ियों की निगरानी के लिए चुरा पुलिस चौकी को हेडक्वार्टर बनाया गया है, जहां से अधिकारियों को लगातार सूचना दी जाएगी। बीसलपुर, बिलसंडा व बरखेड़ा थाना क्षेत्रों को मिलाकर कुल 11 सेक्टर बनाए गए हैं। गुलेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए आने वाले शिवभक्तों को ईदगाह चौराहा, पीलीभीत बस स्टैंड मार्ग और बारह पत्थर चौराहा होते हुए मंदिर तक पहुंचने का मार्ग तय किया गया है। एसडीएम नागेंद्र पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान और कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की जांच की।

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी 11:59 तक उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 234, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन-डिब्बों में लगेंगे कैमरे 10

वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित 8

## सावन का पहला सोमवार आज



श्रावण मास के शुरू होते ही चहुंओर बम-बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी है। रविवार को हरिद्वार में कई राज्यों के कांवड़िये गांगाजल लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान कांवड़ियों के साथ भगवान शिव की प्रतिमा हर किसी को अकर्षित कर रही थी। • एजेंसी

# अंतरिक्ष से आज भी सारे जहां से अच्छा दिखता है भारत

- एक्सिओम-4 मिशन के आयोजित विदाई समारोह में शुभांशु शुक्ला ने दोहराई राकेश शर्मा की बात

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने रविवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष से महत्वाकांक्षा, निडरता, आत्मविश्वास और गर्व से भरा नजर आता है। शुक्ला ने भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में कहे शब्दों को दोहराते हुए कहा, आज भी भारत ऊपर से सारे जहां से अच्छा दिखता है।

उन्होंने आईएसएस पर एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में यह कहा।



आईएसएस में विदाई समारोह के दौरान शुभांशु शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री।

शुक्ला ने आईएसएस में अपने प्रवास का जिक्र करते हुए कहा, यह मुझे जादुई सा लगता है यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा रही है।

वह अपने साथ बहुत सारी यादें और सीख लेकर जा रहे हैं, जिन्हें वह अपने देशवासियों के साथ साझा करेंगे। आईएसएस पर 18 दिन के गहन वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद शुभांशु व तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की विदाई का समय आ गया है और वे सोमवार को पृथ्वी के लिए वापसी यात्रा शुरू करेंगे। शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री-कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड एवं हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे।

### यात्रा में मुझे बहुत कुछ अनुभव मिला

अपने फेयरवेल में शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह एक अद्भुत यात्रा रही। उन्होंने इस यात्रा के लिए अपने साथियों के साथ-साथ नासा, एक्सिओम मिशन के साथ-साथ भारत सरकार और देशवासियों का धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस यात्रा से मुझे बहुत कुछ अनुभव मिला। मैं यहां से बहुत कुछ लेकर जा रहा है।

अशोका फोम
SUMMER SALE UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000

# बारिश और बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत, उफान पर नदियां

## कई स्थानों पर जनजीवन ठप, सड़कों-खेतों और रिहायशी इलाकों में जलभराव

- लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, सुल्तानपुर बस्ती, फैज़ाबाद, रायबरेली समेत कई जिलों में बिजली गिरने की घटनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में मानसून की बारिश आम जनजीवन को खसा प्रभावित कर रही है। राज्य के तमाम हिस्सों में तेज बारिश व आकाशीय बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई है। कई स्थानों पर जनजीवन ठप है, वहीं सड़कों, खेतों और रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति है।

उप्र के कई जिलों में नदियां उफना रहीं है और जलस्तर बांध पर दर्ज खतरे के निशान से ऊपर जा रहा है। ललितपुर, झांसी, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ और कानपुर जैसे क्षेत्रों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि के कारण बांधों के गेट खोल दिए गए हैं। ललितपुर के माताटीला बांध के 9, झांसी के पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोल दिए गए हैं। मऊरानीपुर में सुखनई नदी का जलस्तर बढ़ने से पुराना पुल डूबने की कगार पर है। झांसी में पथराई नदी के उफनाने से 300 परिवार घरों में कैद हो गए हैं। लखनऊ में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, भदोही में महिला और किशोरी की जान वज्रपात से चली गई। खेत में काम करने के दौरान उसपर बिजली गिरी। हमीरपुर, बांदा में भी दो लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है। कन्नौज में आकाशीय बिजली से पांच महिलाएं झुलस गईं। वहीं, चित्रकूट में घर ढहने से दो और हापुड़ में एक की मौत हो गई। आजमगढ़ और जौनपुर से भी एक-एक मौत की सूचना है।

लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, सुल्तानपुर, बस्ती, फैज़ाबाद, रायबरेली जैसे कई जिलों में तेज बारिश और बिजली गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। आईएमडी के ताजा बुलेटिन में बताया गया कि उप्र के 47 जिलों में 24 से 48 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।



चित्रकूट के राजापुर रोड चुनहा पुरवा में कमर तक भरे पानी से निकलते बच्चे और राहगीर।

### पिछली खामियों को इस बार नहीं दोहराएंगे

बीते वर्ष प्रदेश में 6 जिलों के 200 से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे। शासन ने उस दौरान राहत कार्यों, वर्क फोर्स और नियंत्रण के उपायों का ब्योरा तलब किया है ताकि इस बार समय रहते तमाम खामियों को सुधारा जा सके। उस वक्त बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की बाढ़ बटालियन की टीमें तैनात की गई थीं। पीलीभीत में तो फंसे लोगों को निकालने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर तक को लगाया गया था। इस बार भी रिहर्सल के साथ होमवर्क पूरा है।

### ठाकुरगंज हादसे पर योगी सख्त, जेई को किया निलंबित, एई को नोटिस

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज क्षेत्र में शनिवार को नाले में गिरने से एक युवक की दर्दनाक मृत्यु की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए जूनियर इंजीनियर (जेई) को तत्काल निलंबित, सहायक अभियंता (एई) को कारण बताओ नोटिस जारी करने और पीड़ित परिवार को कुल 9 लाख रु. की आर्थिक सहायता (5 लाख रु. मुख्यमंत्री राहत कोष तथा 4 लाख रु. आपदा राहत कोष) से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जनता की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### केरल के सीएम आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आधिकारिक आवास क्लिफ हाउस को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो बाद में झूठी निकली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह धमकी ईमेल के माध्यम से थम्पनूर पुलिस थाने को मिली थी और इसके स्रोत का अभी पता नहीं चल पाया है। ईमेल के अनुसार, क्लिफ हाउस में बम विस्फोट होने वाला था। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने स्वान और बम-रोधी दस्तों की मदद से गहन तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में मिले नेपाली-बांग्लादेशी

- बिहार में निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने घर-घर जाकर की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने बिहार में मतदाता सूची के जारी के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर जांच की और इस दौरान बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।

रिपोर्ट का हवाला देते हुए, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर की गई जांच के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों को बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है।



### अगस्त से पूरे देश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बिहार की तरह ही अगले महीने अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने के लिए सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। कई विपक्षी दलों और अन्य लोगों ने इस व्यापक प्रक्रिया को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था और कहा था कि इससे पात्र नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित होना पड़ेगा। कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने अपने-अपने राज्यों में पूर्व में किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को जारी करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार व्यापक पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण, आधार तिथि के रूप में काम करेगा, क्योंकि निर्वाचन आयोग बिहार की 2003 की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कर रहा है।

# रास के लिए श्रृंगला, निकम समेत 4 मनोनीत

- प्रधानमंत्री मोदी ने चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी



उज्जवल निकम



हर्षवर्धन श्रृंगला



मीनाक्षी



सदानंदन मास्टर

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भाजपा के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने इन चार व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की है। मोदी ने निकम की सराहना करते हुए कहा, उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय के प्रयासों में भी सबसे आगे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राजनयिक के रूप में श्रृंगला के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पिछले कई वर्षों में उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मोदी ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि मीनाक्षी जैन को राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उन्होंने एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में व्याख्याता रहीं जैन पद्मश्री से सम्मानित हैं। वहीं सदानंदन मास्टर की सराहना कर कहा कि उनका जीवन साहस व अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है।

# मालगाड़ी के 18 डिब्बे धू-धू कर जले



**चेन्नई।** उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रविवार को डीजल ले जा रही एक मालगाड़ी में आग लग गई जिससे 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए, जबकि चेन्नई-अरक्कोनम खंड पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। इस घटना से रेल यात्रियों को काफी असुविधा हुई। दक्षिणी रेलवे के अनुसार, डीजल ले जा रही मालगाड़ी के कुछ मध्यवर्ती डिब्बों में लगभग साढ़े पांच बजे तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन को पार करते समय आग लग गई तथा कई अन्य डिब्बे (इंजन से तीसरे डिब्बे के बाद) पटरी से उतर गए थे। मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजा रोड साइडिंग जा रही थी। आग लगने से आसमान में घना धुआं फैल गया।

- तमिलनाडु के तिरुवल्लूर की घटना, डीजल से भरे थे डिब्बे सेवाएं बाधित

### लोगों को सुरक्षित आश्रयों में भेजा

आग और धुएं को देखते हुए घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित आश्रयों में भेजा गया। रेल सेवाएं बाधित होने से राज्य परिवहन निगमों ने 170 से अधिक विशेष बस सेवाएं संचालित कीं। रेलवे ने बताया, तीसरे डिब्बे में आग लगने की सूचना मिलते ही लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

# मोबाइल तोड़ने पर डांटा तो छात्र की पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

- मदनापुर थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी ने अपने घर के बाहर वारदात को दिया अंजाम



मृतक अरविंद

**अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव प्रतापपुर घावरा में रविवार शाम 21 वर्षीय डीएलएड छात्र अरविंद कुमार की हत्या कर दी गई। आरोप है कि गांव के ही सरबन नाम के व्यक्ति ने अपने घर के बाहर अरविंद को घेरकर जमीन पर पटक-पटककर इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। हत्या की वजह मामूली कहासुनी बताई जा रही है, जिसमें छात्र ने आरोपी के बेटे यश को मोबाइल तोड़ने पर डांटा था।

रविवार शाम लगभग अरविंद कुमार अपने घर के बाहर मोबाइल पर गाना सुन रहा था। इस दौरान गांव का किशोर यश उसके पास आया और मोबाइल मांगा। मोबाइल देने से मना किया तो यश ने मोबाइल छीनकर पटक कर तोड़ दिया। एक घंटे बाद जब अरविंद सरबन के घर के सामने से गुजर रहा था तभी आरोपी ने मारना शुरू कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# पति से विवाद में एक माह की बच्ची को तालाब में डूबोकर मार डाला

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)



हत्यारोपी मां कुसम।

- मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में एक निर्दयी मां ने वारदात को दिया अंजाम

**अमृत विचार:** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के गांव खेतरहा में एक मां ने अपनी एक माह की बेटी को तालाब में डूबोकर मार डाला। बताते हैं कि किसी बात को लेकर उसकी अपने पति से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह चुपचाप अपनी बच्ची को लेकर घर से निकली और गांव के बाहर तालाब में उसे डूबोकर मार दिया। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

खेतहरा गांव निवासी धूप सिंह राठौर ने बताया कि शनिवार को दिन में मामूली बात को लेकर उसकी पत्नी कुसुम देवी से कहासुनी हो गई थी। रविवार तड़के उनकी आंख खुली तो देखा पत्नी कुसम एक माह की पुत्री मानवी के साथ घर पर नहीं थी। उन्होंने भाई ध्रुव कुमार, मां कुंती देवी और गांव के नरेंद्र व ओम प्रकाश के साथ उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान कुसम गांव के बाहर सड़क किनारे खड़ी मिली। उससे जब बच्ची मानवी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि मानवी को तालाब में डुबो-डुबोकर मार डाला है। सभी लोग तालाब पर पहुंचे तो मानवी का शव उतराता मिला।

सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, कुसुम ने बेटी की तालाब में डुबोकर हत्या करने की बात कबूल ली है। एसपी संकल्प ने बताया कि मृतका मानवी के पिता की तहरीर पर आरोपी मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पांच छोटी नदियों को पुनर्जीवित करेंगे आईआईटियन्स

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में 10 विभागों की देखरेख में चल रहा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईआईटी कानपुर, बीएचयू, लखनऊ व रुड़की से टेक्निकल सपोर्ट टीम शामिल

**अमृत विचार:** प्रदेश की 75 छोटी और सहायक नदियों को नया जीवन देने काम शुरू हो गया है। इसमें प्रमुख तकनीकी संस्थानों के आईआईटियन्स और 10 अहम विभागों की सहभागिता से एक समन्वित रणनीति बनाई गई है। नदी पुनर्जीवन कार्य को प्रभावी और सतत बनाने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश की नदियों के पुनरुद्धार के लिए योगी सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग कर रही है। इस कार्य में आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू, बीबीएयू लखनऊ और आईआईटी रुड़की जैसे प्रतिष्ठित संस्थान कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं।

ये संस्थान हर नदी की भौगोलिक, पारिस्थितिक और सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन कर उपयुक्त पुनर्जीवन योजना बना रहे हैं। वैसे सरकार द्वारा मनरेगा योजना से नदियों के कायाकल्प का कार्य वर्ष 2018 से ही चल रहा है। लेकिन अब इस कार्य को और अधिक संगठित, तकनीकी और व्यापक स्वरूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत जलधाराओं की सफाई, चैनलिंग, वर्षा जल संचयन और पौधरोपण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

### इन विभागों की देखरेख में संचालन

तैयार किए गए मास्टरप्लान के अनुसार नदी पुनर्जीवन अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए 10 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की है। इनमें सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, पंचायती राज, वन, बागवानी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य, शहरी विकास, उत्तर प्रदेश राज्य जल संसाधन एजेंसी, ग्रामीण विकास और राजस्व विभाग शामिल हैं। इन विभागों के समन्वय से प्रत्येक जिले में योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बनी अनुश्रवण समिति

हर मंडल में एक अनुश्रवण समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संबंधित मंडलायुक्त कर रहे हैं। यह समिति पुनरुद्धार की योजनाओं का नियमित परीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा करती है। इसका उद्देश्य यह है कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त हो।


### जिला गंगा समितियों की भूमिका भी अहम

योगी सरकार ने जल संरक्षण और प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। इसके लिए जिला गंगा समितियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की गई है। ये समितियां स्थानीय स्तर पर नदी तंत्र की निगरानी और जन सहभागिता को बढ़ावा दे रही हैं। यह भी सुनिश्चित करती हैं कि नदी का पुनर्जीवन एक सतत और समावेशी प्रक्रिया बन सके।

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

## शौच को गई महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**पूरनपुर, अमृत विचारः** हजारा थाना क्षेत्र एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात जुलाई की शाम खेत में शौच के लिए गई थी। पीछे से गांव का गुरमीत सिंह वहां पहुंच गया। उसने महिला को बुरी नीयत से पकड़कर अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

महिला के चीखने चिल्लाने पर उसकी सास और जेठानी मौके पर पहुंच गई। इस पर आरोपी गुरमीत मौके से फरार हो गया। महिला अपनी सास के साथ आरोपी के घर शिकायत करने गई। इस पर गुरमीत की मां सतवंतो और पत्नी गोगा कौर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है गांव के कुछ लोगों ने दूसरे दिन मामले में जबरन समझौता कराने का प्रयास किया और पुलिस चौकी के लिए जाने पर रास्ता रोका। महिला ने अपने परिवार को जान का खतरा बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# बहुचर्चित रामस्वरूप हत्याकांड में फैसला, हत्यारोपी पत्नी दोषमुक्त

### सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला, गजरौला थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुई थी वारदात

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- विवेचना के दौरान ही एक अभियुक्त की हो गई थी मृत्यु

**अमृत विचारः** चार साल पुराने रामस्वरूप हत्याकांड में अदालत ने सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। पति की हत्या करने की आरोपी पत्नी को सत्र न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया है। उस पर बहनोई संग मिलकर पति की हत्या करने का आरोप था। बता दें कि विवेचना के दौरान ही दूसरे आरोपी की मौत होने पर उसका नाम पृथक कर दिया गया था।

अभियोजन कथानक के गजरौला थाने में क्षेत्र के रहने वाले जीवनलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उसका पुत्र रामस्वरूप आठ अगस्त 2021 को अपनी ससुराल चचेरे साले के जन्मदिन की दावत में जमुनिया गांव गया था। देर रात तक वह वापस नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू कर दी गई। 9 अगस्त 2021 की सुबह साढ़े 7 बजे उनकी बगिया के खेत में पुत्र रामस्वरूप का शव मिला।

सूचना मिलने पर गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक की शादी घटना से करीब 12 साल पहले ग्राम अजीतपुर पटपरा की निवासी जसमंती उर्फ जसमंत कुमारी से हुई थी। आरोप था कि जसमंती अपने पति रामस्वरुप को पसंद नहीं करती थी। बहनोई भीमसेन खरगसेन का समेत कई लोगों का आना जाना रहता था। इसे लेकर रामस्वरूप टोकता था तो झगड़ा किया जाता। उनके कोई बच्चा नहीं था। इसी के चलते पुत्रवधू जसमंती पर बहनोई भीमसेन संग मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया था। विवेचना के दौरान ही अभियुक्त भीमसेन की मृत्यु होने पर उसका नाम प्रकरण से पृथक किया गया। विवेचना पूरी तर पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त जसमंती उर्फ जसमंत कुमारी को दोषमुक्त कर दिया है।

## किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को मिली राहत, दोषमुक्त

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान ने सुनाया फैसला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** घर के दरवाजे पर सब्जी काट रही किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी को राहत मिली। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान ने आरोपी को दोषमुक्त किया है। अभियोजन कथानक के अनुसार सुनगढ़ी थाने में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 19 सितंबर 2021 को रात साढ़े नौ बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री दरवाजे पर बैठकर सब्जी काट रही थी। इस बीच चिड़ियादाह गांव का रहने वाला हरीश पासवान पुत्र डालचंद्र गली में दरवाजे के सामने रुककर पुत्री से छेड़छाड़ की। कई बार मना करने के बाद भी आरोपी हरकत से बाज नहीं आया। पुलिस ने विवेचना के बाद धारा 354 घ आईपीसी और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त हरीश पासवान को दोषमुक्त कर दिया है।

# प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में उठे कई मुद्दे



बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य परिषद के पदाधकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की एक बैठक रविवार को जिला संरक्षक रामाकांत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। ऑनलाइन छात्र उपस्थिति की समस्याओं को गंभीर विषय माना गया।

विद्यालयों में संविदा कार्मिकों की कमी, नेटवर्क की अनुपलब्धता एवं छात्रों के पहले बटन दबा कर उपस्थिति दर्ज कर लेने के कारण शिक्षण कार्य बाधित होने की बात कही। इसे रोके जाने की आवश्यकता बताई गई। जून माह का वेतन अब तक न मिलने पर असंतोष व्यक्त किया गया। गत वर्ष की जिला क्रीड़ा रैली का अवशेष तत्कालीन जिला संयोजक प्रधानाचार्य अखलाख हसन खान को जिला क्रीड़ा कोष से प्रदान करने की मांग की।

सीए साबिर हसन खान को प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, योगेश कुमार, नरेंद्र सिंह, रोहिताश गंगवार, सतीश चंद, मोहम्मद फिरोज, डॉ. सुरेन्द्र गंगवार, जावेद अहमद, सुमन देवी, रवींद्र राठौर, राजवीर सिंह, प्रतिभा चौहान, उपासना शर्मा, अजय चौहान आदि मौजूद रहे।

# कैंसर जागरूकता शिविर में उमड़े मरीज डीएम और सीएमओ ने कराई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शिविर को संबोधित करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर के विशाल टॉकीज परिसर में रविवार को मुरारी लाल माहेश्वरी फाउंडेशन एवं बरेली कैंसर चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता एवं चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। बतौर अतिथि पहुंचे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन करते हुए शुरुआत कराई। बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जिनको चिकित्सकों ने चेकअप व उनके पुराने पर्चे देखने के बाद सलाह दी।

कैंप में ठीक न हो रहे घाव, गांठ, गांठ के पास नई गांठों का उभरना आदि स्वास्थ्य जांचें निशुल्क की गई। डीएम ने कहा कि इस तरह के शिविर का लोगों को लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में निःशक्त जन सेवा संस्थान का भी सहयोग रहा। वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आर के चितलांगिया ने कैंसर के मरीजों की जांच, पैथोलॉजी टेस्ट होने के बाद दवाइयां निःशुल्क दी। आयोजित शिविर में डॉक्टरों द्वारा मरीज को उचित सलाह दी गई। इस मौके पर निशक्तजन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृत लाल, सचिव अनिल कमल आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने रोटरी सदस्यों के संग रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जनपदवासियों से की एक पेड़ मां के नाम से लगाने की अपील



गांधी स्टेडियम में रोटरी पदाधिकारियों संग अशोक का पेड़ लगाते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ गांधी स्टेडियम में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने जनपदवासियों से एक पेड़ मां के नाम से लगाने की अपील की। बता दें कि रोटरी क्लब द्वारा पौधरोपण कर ग्रीन पथ का निर्माण कराया गया है।

रोटरी क्लब की ओर से रविवार को गांधी स्टेडियम में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ स्टेडियम परिसर में अशोक के पेड़ रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने क्लब सदस्यों समेत जनपदवासियों से एक पेड़ मां के नाम से लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सब छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर अच्छा वातावरण तैयार करने में सहयोग कर सकते है। खाली जगह पर पौधारोपण करें, जिससे आने वाली पीढियों को अच्छा वातावरण प्राप्त हो सके। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने क्लब के इस कार्य की जमकर सराहना की। रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना ने बताया कि जिला क्रीड़ा अधिकारी की सलाह पर गांधी स्टेडियम में अशोक के पौधे रोपकर रोटरी ग्रीन पथ का निर्माण किया गया है। इसके लिए क्लब द्वारा 06 फुट के 50 अशोक के पेड़ दिल्ली से मंगवाए गए थे।

इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, डॉ. एसपीएस संधू, डॉ. परमिंदर सिंह सैहमी, डॉ. पीएम सक्सेना, विपिन अग्रवाल, डॉ. उपेंद्रनाथ मिश्रा, सचिव कपिल अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, डॉ. मनोज गुप्ता, पंकज महातिया, रवि देव, देवेश बंसल आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
V.A.U. The path to education
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing Must have Passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in

## हमीरपुर गांव में लंगूर के हमले से कई ग्रामीण घायल

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कई दिनों से लंगूरी बंदर आतंक मचाए हुए हैं। हमला कर कई ग्रामीणों को घायल कर दिया। परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर लंगूरी बंदर को पकड़वाने की मांग की है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव हमीरपुर में कई दिनों से एक लंगूर बंदर का आतंक है। ग्रामीणों के अनुसार, बंदर घरों में घुसकर कई लोगों को घायल कर चुके हैं। बंदर के हमले में गांव के मोहम्मद जैनिश, आशुतोष, रोहित पाण्डेय पुत्र विच्चन, अजीत पुत्र परमेश्वर दीन, अशफाक सहित कई लोगों को काटकर घायल कर दिया। वन विभाग की टीम कुछ नहीं कर पाई तो ग्रामीणों ने खुद लंगूरी बंदर को पकड़ने का बीड़ा उठाया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और देर शाम मैलानी के जंगल में छोड़ दिया गया।

# दसवीं बाइक कांवड़ यात्रा कछला के लिए रवाना



सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से रवानगी से पूर्व पूजन करते कांवड़िया। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से रविवार को 10 वीं बाइक कांवड़ यात्रा कछला घाट के लिए प्रस्थान हुई। बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने कछला घाट जल लेने जा रहे कावंड़ियों का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पूजन भी किया गया। इस मौके पर महंत रमन मिश्रा, कपूरी महंत आशीष पाण्डेय, व्यवस्था प्रमुख स्वतंत्र देवल, जगदीश सक्सेना, अवधेश यादव, धर्मेंद्र चौहान, अशोक सक्सेना, सागर देवल, सुमित गंगवार, अमित गुप्ता, कपिल शर्मा, राहुल शुक्ला, बलराम सिंह, हरदीप सिंह ढिल्लों, कुलविंदर सिंह, प्रकाश पटेल, शिवम, रक्षपाल सिंह, जोगेन्दर, अमन सक्सेना, नंद किशोर कश्यप, रजत मौर्य, रामानुज अवस्थी, नरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अब डेयरी फार्मिंग से समृद्ध होंगे जिले के किसान, सरकार करेगी मदद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- उन्नतशील नस्ल की 10 गायों की खरीद कर डेयरी खोल सकेंगे किसान
- मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत मिलेगा 50 फीसदी अनुदान

**अमृत विचारः** जनपद के किसान अब उन्नतशील नस्लों की गोयों की डेयरी खोल सकेंगे। किसानों को गैर राज्यों से उन्नतशील नस्ल वाली 10 देशी नस्ल की गाय खरीदकर लानी होगी। गायों की खरीद और डेयरी निर्माण में सरकार किसानों की मदद करेगी।

प्रदेश सरकार ने दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने एवं गौ पालकों को सशक्त बनाने के लिए मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना शुरू की है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्लों की गायों का चयन कर हाइटेक डेयरी इकाइयों की स्थापना का निर्णय लिया है। योजना के तहत जिले में भी 10 गायों की क्षमता वाली हाइटेक डेयरी इकाइयों की स्थापना की जाएगी। हर इकाई पर लगभग 23.60 लाख का खर्च आएगा, जिसमें सरकार और लाभार्थी दोनों का योगदान होगा। किसानों द्वारा केवल गिर, थारपारकर एवं साहीवाल जैसी उन्नतशील नस्ल वाली देशी नस्लों की गायें की खरीदी जाएंगी, जिनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता अधिक होती है। ये गायें किसानों को ही गैर राज्यों से ही खरीदकर लानी होगी।

मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत कैटल शेड और अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण आधुनिक तकनीक से कराया जाएगा। 23.60 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस डेयरी के लिए सरकार किसानों को 50 फीसदी अनुदान देगी। मगर ये अनुदान के राशि किसानों को तब मिलेगी, जब वे निर्धारित लेआउट पर कैटल शेड का निर्माण करा लेंगे। इसके अलावा किसानों को आधुनिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे वे नए तकनीकी साधनों का उपयोग कर अपने पशुओं की देखभाल और प्रबंधन कर सकें।

### जनपद में खोली जाएगी आठ डेयरियां

मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत जनपद को 08 डेयरी का लक्ष्य दिया गया है। आवेदन प्रक्रिया 14 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त चलेगी। इच्छुक किसान नंदबाबा दुग्ध मिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

> शासन द्वारा मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत बनने वाली आधुनिक डेयरी के लिए पशुपालकों को नियमानुसार 50 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। जनपद को 08 डेयरी का लक्ष्य मिला है। इच्छुक पशुपालक 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
> – डॉ. पीके त्यागी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

## शहर में आज

- प्राचीन गौरीशंकर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में विशेष पूजन सुबह 05 बजे से।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5.30 बजे।
- हर समेत कई स्थानों पर कांवड़ियों का स्वागत एवं प्रसाद वितरण सुबह 08 बजे से।

## एक नजर

### ट्रेन के सामने कूदी वृद्धा हालत गंभीर

**बीसलपुर, अमृत विचार** : बीसलपुर रेलवे स्टेशन पर शाहजहांपुर से चलकर पीलीभीत जाने वाली सवारी गाड़ी के इंजन के सामने एक वृद्ध महिला कूद गई। लोको पायलट जब तक ब्रेक लगा सका, महिला चपेट में आ गई। रेलकर्मियों ने एंबुलेंस से महिला को सीएचसी भिजवाया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सुतिया नाले में मिला युवक का शव

**पूरनपुर, अमृत विचार** : थाना हजारा थाना क्षेत्र के सुतिया नाला में शुक्रवार को युवक का शव मिला। ग्रामीणों ने हजारा पुलिस को सूचना दी। शनिवार रात को अंधेरा होने की वजह से शव बाहर नहीं निकाला जा सका था। इसके बाद शव को निकालकर पुलिस ने शिनाख्त बंटी सिंह (30) पुत्र लखमीर सिंह निवासी ग्राम बाजार घाट के रूप में की।

# बर्थडे पार्टी में तमंचे पर डिस्को, फायरिंग और फिर सड़क पर की मारपीट

## वीडियो वायरल होने के बाद मची खलबली, कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी

संवाददाता, पूरनपुर

- नगर के एक होटल में 29 जून को हुई थी घटना, तीन हिरासत में लिए गए



डांस के दौरान तमंचा लहराते हुए युवकों का वीडियो ग्रैब।

**अमृत विचार**: दावत में डीजे पर असलहा लहराते हुए डांस, फायरिंग और फिर सड़क पर मारपीट करते हुए के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। मामला बीते दिनों एक होटल में हुई बर्थडे पार्टी के दौरान दो पक्षों में हुए विवाद से जुड़ा। वीडियो वायरल होने के बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो खलबली मच गई है। दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वीडियो में कोई असलहा लेकर डांस तो कोई फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। फायरिंग में इस्तेमाल असलहा अवैध होने की बात भी कही जा रही है।

बता दें कि सोशल मीडिया पर रविवार को एक-एक कर कई वीडियो तेजी से वायरल हो गए। इसमें डीजे पर डांस करते वक्त हाथ में असलहा लहराते तो किसी में युवक असलहा से फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ ही होटल के बाहर भी झगड़ा करते हुए युवाओं की भीड़ दिख रही है। इन वीडियो को वायरल करते वक्त अवैध असलहा से फायरिंग करने की बात भी कही गई है। वीडियो पूरनपुर के एक होटल में बीते दिनों एक बर्थडे पार्टी में हुई फायरिंग के मामले से जोड़कर बताए गए हैं।

बता दें कि 29 जून को कोतवाली रोड पर स्थित एक होटल में बर्थडे कार्यक्रम हुआ था। दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। इस मामले में राज पांडे पुत्र सुभाष चंद्र पांडेय निवासी मोहल्ला साहूकारा प्रसाद टॉकीज की तहरीर पर निलेश पांडे, नितेश पांडे और विनेश पांडे पर मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप लगाया था। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर चुकी है। रविवार को सोशल मीडिया पर फायरिंग करते हुए और अन्य वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसमें कुछ लोग डीजे पर असलहा लहराते व डांस करते हुए भी दिख रहे हैं। होटल के नीचे सड़क पर दोनों पक्षों में हुई मारपीट का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। वीडियो के वायरल होने के बाद खलबली मची गई है।

पुलिस के संज्ञान में भी मामला पहुंचा है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। होटल मैनेजर को भी पुलिस ने जांच के लिए बुलाया है। वायरल वीडियो अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचने के बाद कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कोतवाल पूरनपुर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि फायरिंग करते हुए का वीडियो वायरल होने का मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

### तमंचा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कस्बा चौकी प्रभारी शरद यादव हेड कांस्टेबल मुनेश कुमार, शकील अहमद, कांस्टेबल रवि के साथ शनिवार देर शाम गश्त पर थे। इस बीच सूचना मिली कि ग्राम कितनापुर मार्ग पर बंद पड़े भट्टे के पास एक व्यक्ति खड़ा है। उसके पास अवैध असलहा भी है। इस पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी ने महाबा रोड की तरफ दौड़ लगा दी। जिसको कुछ ही दूर से पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम मोहल्ला ग्यासपुर निवासी बंटी पुत्र जाहिद बेग बताया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पर कार्रवाई की गई है।

# धर्मांतरण के आरोप में हंगामा पादरी गिरफ्तार

**फरीदपुर (बरेली), अमृत विचार**: हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने रविवार को धर्मांतरण का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने धर्मांतरण कराने के आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी पादरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों को सूचना मिली कि फरीदपुर के मोहल्ला फर्रुखपुर होली चौराहे के पास ईसाई मिशनरियों की ओर से प्रत्येक रविवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। इसमें पादरी लाल जी हिंदू महिलाओं और बच्चों का धर्मांतरण कराता है।

धर्म परिवर्तन कराए जाने की जानकारी मिलने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस पादरी, उसकी पत्नी, बेटी और बेटे को फरीदपुर थाने लाकर पूछताछ की। इसके बाद मंच के नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर लालजी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।






# सपा की बैठक में समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

**निघासन, अमृत विचार**: विधानसभा समाजवादी पार्टी की एक समीक्षा बैठक पूर्व विधायक सपा राष्ट्रीय सचिव आरएस कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं की चर्चा कर उनके निराकरण कराए जाने पर विचार किया गया। बैठक में सपा जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष भंडारी यादव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव और सभी सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य बिंदु भ्रष्टाचार, स्कूल बंद किए और खाद की किल्लत पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई। बैठक में रमिया बेहड़ ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव नेत्र प्रकाश मिश्रा, सरदार यादव, राजेंद्र यादव, असलम अंसारी, गुरदेव सिंह, हर्षित वर्मा गुरनाज, विपिन वर्मा आदि रहे।

# किशोरी की जहर देकर हत्या के आरोपी को जेल भेजा

संवाददाता, बरखेड़ा

- आरोपी बीते 2 जून को घर से ले गया था जबरन

**अमृत विचार**: क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बहन को 2 जून को कस्बा बरखेड़ा निवासी सूरज अपने एक साथी के साथ स्कूटी से उसके घर से जबरन ले गया था। उस वक्त परिवार के लोग खेत पर काम करने गए हुए थे।

आरोपी किशोरी को अपनी मां से बातचीत कराने के लिए कस्बा बरखेड़ा स्थित रेलवे स्टेशन पर ले गया था, जिसके बाद सूरज की मां ने दूध में जहरीला पदार्थ मिलाकर किशोरी को पिला दिया था। दूध पीते ही उसकी बहन की तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए बरेली ले जाते समय रास्ते में बहन की मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि 27 मई को आरोपी अपने एक साथी की मदद से उसकी बहन को घर ले गया और दुष्कर्म किया था।

इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि इस मुकदमे के अज्ञात आरोपी को लेकर छानबीन की गई तो कस्बा निवासी हरेंद्र का नाम प्रकाश में आया था। रविवार को उसे गिरफ्तार कर चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# फुटबॉल मैच में पीलीभीत और बरेली ने मारी बाजी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: जीएफ कॉलेज के मैदान में 73वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच बरेली, दूसरा मैच पीलीभीत तथा तीसरा मैच महिला वर्ग में पीलीभीत जीती है। बदायूं के बीच खेले गए मैच में पीलीभीत ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। पीलीभीत की ओर से कपिल ने दो गोल किए। तीसरा मैचा महिला वर्ग में पीलीभीत और बदायूं के बीच खेला गया। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। मुकाबला पैनाल्टी शूट आउट से किया गया। पीलीभीत ने 2-0 के मुकाबले जीत गई।

# सुनहरे सपने दिखाए... मुहिम को परवान नहीं चढ़ा पाए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नगर पालिका की ओर से की गई वेंडिंग जोन की कवायद ठप
- 50 से अधिक ठेला फड़ लगाने वाले करा चुके पंजीकरण



शहर के मोहल्ला मदीना शाह में वेंडिंग जोन के लिए चिह्नित की गई जमीन।

**अमृत विचार** : शहर को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के साथ ही रेहड़ी-पटरी वालों को सम्मानजनक स्थान देने के उद्देश्य से नगर पालिका की ओर से वेंडिंग जोन का प्रस्ताव बनाते हुए जगह चिह्नित की गई। फिर भी अभी तक योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है।

योजना को लेकर बड़े-बड़े दावे और सुनहरे सपने दिखाए गए थे, जो अब कागजों में ही सिमट कर रह गए हैं। हालात ऐसे हैं कि 50 से अधिक पंजीकृत फड़ वाले भी ठगा महसूस कर रहे हैं। इनकी उम्मीदें अब टूटने लगी हैं, वहीं शहर की सड़कों पर फिर से अव्यवस्था का अंबार दिखने लगा है। बाजार में सड़कों पर अतिक्रमण बना हुआ है, जिस वजह से आए दिन जाम लग रहा है। नगरपालिका की ओर से 18 मार्च को शहर के बिजली घर तिराहा के पास खाली पड़ी जमीन पर अस्थायी वेंडिंग जोन का प्रस्ताव बनाया गया था। बाजार में फुटपाथ पर दुकान सजाने वाले रेहड़ी पटरी वालों को इसमें जगह मुहैया कराई जानी थी। इसमें तीन साइज की दुकानें निर्धारित की गई थी। एक हजार से लेकर ढाई हजार रुपये मासिक किराया तक किया गया है। वेंडिंग जोन में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नगरपालिका की ओर से अभियान चलाया गया था। साथ बाजार में चूने वाली गली, रामस्वरूप पार्क वाली गली, नींबू मंडी, गल्ला मंडी समेत विभिन्न स्थानों पर सड़क पर दुकान लगाए लोगों के चालान भी किए गए थे। कार्रवाई को देखते हुए फड़ लगाने वाले दुकानदारों ने नगरपालिका में विभिन्न प्रकार की दुकानों का रजिस्ट्रेशन कराया था। नगरपालिका के अनुसार, करीब 50 से अधिक दुकानदार निर्धारित शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी वेंडिंग जोन का प्रस्ताव अधर में है, जबकि तत्कालीन प्रभारी ईओ एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने वहां 156 दुकानों का लेआउट भी तैयार कराया था। मगर अभी तक योजना को धरातल पर नहीं उतारा जा सका है। नगरपालिका की ओर से चिह्नित जगह को सिर्फ समतल कराकर छोड़ दिया गया है। यही नहीं, बीते दिनों अतिक्रमण वाले स्थानों पर वेंडिंग जोन के फ्लैक्स लगा दिए थे। दुकानदारों का कहना है कि रजिस्ट्रेशन करने के लिए नगरपालिका की ओर से दबाव तो बनाया था, मगर अभी तक वेंडिंग जोन का कार्य शुरू नहीं हो सका है।

> वेंडिंग जोन के लिए जगह चिन्हित की जा चुकी है। इसी जमीन पर वेंडिंग जोन बनवाया भी जाएगा। इसे लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। कवायद ठंडे बस्ते में नहीं डाली गई है। – **संजीव कुमार**, ईओ नगरपालिका पीलीभीत

# दिन में आंख मिचौली के बाद रात में भी गुल हो रही बिजली, बिगड़े हालात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बीती रात भी कई इलाकों में चली आंख मिचौली, दूसरे दिन भी रुलाया
- लंबे समय से चली आ रही समस्या, जिम्मेदारों ने नहीं कराया समाधान



ट्रांसफार्मर में सुधार करते पॉवर कॉरपोरेशन के कर्मचारी। ● अमृत विचार



शहर के मोहल्ला मोहतशिम खां में चल रहा कार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: शहर में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती की समस्या ने उपभोक्ताओं को बेहाल कर दिया है। बिजली आने -जाने का कोई समय नहीं है। संसाधनों में खराबी आने के बाद घंटों बिजली गुल हो रही है। दिनभर की आंख मिचौली के बाद रात को भी सप्लाई सुचारू नहीं है, जिससे लोगों की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। शहर के कई इलाकों में पिछले 48 घंटे में बिजली की आंख मिचौली नहीं थम रही है।

पिछले काफी समय से बिजली की कटौती लगातार जारी है। जिम्मेदार भले ही कटौती की बात से इनकार करते हो, लेकिन धरातल पर बिजली चंद मिनट आने के बाद घंटों गायब हो रही है। शनिवार शाम से ही बिजली व्यवस्था लड़खड़ाने लगी थी। आलम ये था कि एक-एक घंटे में 20 से अधिक बार अशोक कॉलोनी की बिजली गुल हुई। इसकी शिकायत रात साढ़े 10 बजे स्थानीय लोगों ने व्हाट्सएप ग्रुप पर की। इसी तरह के हालात निरंजनकुंज कॉलोनी, अवध नगर कॉलोनी के बने रहे। इस पर जवाब मिला कि निरंजनकुंज कॉलोनी फीडर बंद है।

इधर, मोहल्ला जोशीटोला में ज्वाला देवी मंदिर के पास तारों में फाल्ट के बाद बिजली गुल हो गई। मोहल्ला साहूकारा, बल्लभगनर कॉलोनी, आसफजान, डोरीलाल, छतरी चौराहा, मधुबन कॉलोनी आदि इलाकों में भी बिजली गुल रही, जो रात 12 बजे सुचारू हो सकी। इसके बाद मोहल्ला गोपाल सिंह और बल्लभ नगर की बिजली दोबारा गुल हो गई। इस पर दोबारा से टीम भेजी गई। हैदरी मस्जिद और शेरो वाली मठिया के पास के इलाकों में भी एक फेस न आने की दिक्कत रही। रात करीब 2 बजे सप्लाई चालू हुई। एकता नगर कॉलोनी, निरंजनकुंज कॉलोनी, अशोक कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र के उपभोक्ताओं को रात भर बिजली की आंख मिचौली परेशान करती रही। इसके बाद दूसरे दिन रविवार सुबह दोबारा समस्या गहरा गई। निरंजनकुंज फीडर की सप्लाई लड़खड़ा गई। गणपति पुरम कॉलोनी में तार टूट गया, जिसे सुबह साढ़े सात बजे टीम भेजकर जोड़वाया गया। एकता नगर के उपभोक्ता परेशान रहे। वहां पर सुबह 5 बजे से बिजली नहीं थी। विशाल टॉकीज में पोल से फाल्ट होने पर ठीक कराया गया। सुबह करीब सवा दस बजे अशोक कॉलोनी लाइन का जंपर खराब हो गया। इसका भी सुधार कराया गया, लेकिन इस दौरान काफी देर तक बिजली गुल रही। कुछ देर आने के बाद एकता नगर की बिजली फिर चली गई। मोहल्ला मोहतशिम खां में भी लोगों को बिजली कटौती से परेशानी उठानी पड़ी।

### माननीय भी ले चुके बैठक, व्यवस्था में फिर भी नहीं सुधार

लचर बिजली व्यवस्था का सुधार कराने के लिए बीते दिनों माननीय ने भी पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों संग बैठक की थी, जिसमें व्यवस्था में सुधार कराने के साथ ही बत्ती गुल होने पर मैसेज से उपभोक्ताओं के जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिए थे। इस पर जिम्मेदारों ने हामी भी भर दी थी। मगर, इसके बाद सब भूल गए। व्यवस्था में सुधार कराने के बजाय और बदतर हालात बनते जा रहे हैं। उपभोक्ता अघोषित कटौती से परेशान हैं, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। अभी भी कई इलाकों में बीच-बीच में बंच लाइन ही नहीं डाली गई है। इसके अलावा अशोक कॉलोनी समेत कई इलाकों में डाली गई बंच लाइन ही बार-बार आग उगल रही है।






# लापरवाही छिपाता रहा बिजली विभाग नगर पालिका नहीं मौत की जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

## महिला की मौत का मामला

- सिटी मजिस्ट्रेट की जांच में मौके पर नगर पालिका की न स्ट्रीट लाइट और न ही मिली कोई वायरिंग

**अमृत विचार**: टनकपुर हाईवे पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय के बाहर ट्राईसाइकिल पर पान मसाला बेचकर गुजर बसर करने वाली दिव्यांग महिला की करंट लगने से हुई मौत पर बिजली विभाग के कर्मचारियों का झूठ सिटी मजिस्ट्रेट की जांच में उजागर हो गया। खुद की लापरवाही को छिपाते हुए नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट के तार से करंट लगने की बात कही जा रही थी, जबकि अधिकारियों ने मौके पर जांच की तो पालिका का कोई स्ट्रीट लाइट पोल या वायरिंग मिली ही नहीं। ऐसे में करीब रखे ट्रांसफार्मर और उसके आसपास के तारों से निकले करंट की चपेट में आकर महिला की मौत होने की आशंका जताई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी की रहने वाली 50 वर्षीय शांति देवी पत्नी बुद्धसेन दिव्यांग थीं। वह टनकपुर हाईवे पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जन सहयोग कार्यालय के बाहर ट्राई साइकिल पर पान मसाला बेचकर परिवार का गुजर बसर करती थीं। शनिवार शाम करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी। इस मौत के बाद पावर कॉरपोरेशन के अवर अभियंता ने तर्क दिया था कि नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट के तार से करंट लगा। उधर, पालिका के जिम्मेदार शुरुआत से ही इसे गलत बता रहे थे। सोशल मीडिया ग्रुप पर भी पालिका को ही जिम्मेदार बताते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए राजनीति गरमा गई थी। इसे लेकर तर्क-वितर्क किए गए थे। मगर, जब सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो नगर पालिका पर फोड़ा जा रहा लापरवाही का ठींकरा सिर्फ सियासत निकला। मौके पर मिली स्थिति के बाद नगर पालिका को क्लीन चिट मिल गई है।

> महिला की करंट से मौत की जानकारी मिलने पर मौके पर जांच के लिए गए थे। जिस स्थान पर हादसा हुआ है, वहां पर नगर पालिका कोई पोल नहीं है, न ही कोई वायरिंग है। नजदीक में लगे ट्रांसफार्मर और उससे पास कटीले तार लगे हुए हैं। इसी में करंट आने की आशंका जताई जा रही है। नगरपालिका का कोई ईशू मौके पर नहीं मिला है। – **विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट







यद् दूरं यद् दुराराध्यं यच्च दूरे व्यवस्थितम्।
तत्सर्वं तपसा साध्यं तपो हि दुरतिक्रमम्॥

कोई वस्तु चाहे कितनी ही दूर क्यों न हो, उसका मिलना कितना ही कठिन क्यों न हो, और वह पहुंच से बहार क्यों न हो, कठिन तपस्या अर्थात परिश्रम से उसे प्राप्त किया जा सकता है।

## संपादकीय

# स्वास्थ्य व अर्थव्यवस्था पर असर

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की नई रिपोर्ट को चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। रिपोर्ट अनुसार रेत और धूल के तूफान हमारे स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर लगातार भारी असर डाल रहे हैं। रिपोर्ट इस वैश्विक चुनौती की भयावहता को उजागर करती है कि दुनियाभर में रेत और धूल भरी आंधियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लगभग 150 देशों के 33 करोड़ से अधिक लोग सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। आंशिक रूप से बादलों से घिरे आकाश में एक विशाल धूल भरा तूफान शुष्क, समतल रेगिस्तानी भूभाग पर आ रहा है। हर साल, लगभग 200 करोड़ टन रेत और धूल वायुमंडल में प्रवेश करती है-जो गीज़ा के 307 पिरामिडों के बराबर है। वैश्विक धूल का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्वी रेगिस्तानों से आता है और इसे महाद्वीपों और महासागरों के पार सैकड़ों, यहां तक कि हजारों किलोमीटर दूर तक पहुंचाया जा सकता है। हालांकि 2024 में वार्षिक औसत धूल सतह सांद्रता का वैश्विक औसत 2023 की तुलना में थोड़ा कम था, फिर भी क्षेत्रीय स्तर पर इसमें काफी भिन्नताएं थीं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में, 2024 में सतह धूल सांद्रता 1981-2010 के दीर्घकालिक औसत से ज्यादा थीं। रिपोर्ट निगरानी, पूर्वानुमान और पूर्व चेतावनियों में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर देती है। विश्व मौसम संगठन की महासचिव सेलेस्टे साउलो कहती हैं कि रेत और धूल भरी आंधियां लाखों लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाती हैं। किसी खतरे के 24 घंटे के भीतर जारी की गई पूर्व चेतावनियां उस घटना से होने वाले नुकसान को 30 प्रतिशत तक कम कर सकती हैं। विश्व मौसम संगठन की रेत और धूल भरी आंधी चेतावनी परामर्श और मूल्यांकन प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय रेत और धूल अनुसंधान का समन्वय करती है और इसके क्षेत्रीय केंद्र कार्यरत हैं। पिछले 50 वर्षों में आपदाओं की संख्या पांच गुना बढ़ गई है और दुनिया के केवल आधे देशों के पास ही बहु-खतरे वाली पूर्व चेतावनी प्रणालियां उपलब्ध हैं। चूंकि विकासशील और अल्प विकसित देशों में खतरों के कारण जान-माल की हानि बढ़ रही है - ये वे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के परिणामों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। यही कारण है कि संभावित मौसम और जलवायु संबंधी जोखिमों और संकटों का विश्लेषण और पहचान करने के लिए पूर्व चेतावनी प्रणालियां स्थापित की जाती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण जलवायु संबंधी खतरे लगातार, चरम और अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं, इसलिए पूर्व चेतावनी प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है।

# स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमान का चुनौतीपूर्ण विकास


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

फ्युसिलेज डिजाइन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाइन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है।

तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट पर खड़े रहे ब्रिटेन के ऍफ़-35बी स्टील्थ कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को आखिरकार ढोकर ले जाना पड़ा। अफवाह थी कि इस विमान के जरिये से भारत के पश्चिमी तट की रक्षा ठिकानों, इंस्टालेशन्स, सामरिक महत्व के सामान के निर्माण से संबंधित सुविधाएं या फैक्ट्रीज, डिफेंस कम्युनिकेशन स्थलों की थर्मल इमेजिंग की गई। भारत के एयरोनॉटिकल कम्युनिकेशन इंजिनियर्स ने इस जहाज में थर्मल इमेजिंग कैमरे और इनके पावरफुल सेन्सर्स को ढूंढ लिया। इस प्रकरण में क्या पूरे एयरक्राफ्ट की स्कैनिंग की गई या कोई कोवर्ट फिजिकल इंस्पेक्शन हुआ, मालूम नहीं है? मान लीजिए इंस्ट्रूमेंटेशन, डिजाइन फीचर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील्थ कोटिंग में इस्तेमाल किए गए मैटेरियल्स रेडिएशन अवरोधी और हीट रेसिस्टेंट पॉलीमर पदार्थ की खुरचन निकाली गई होगी तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि केमिकल और पॉलीमर विज्ञान में भारत अब काफी उन्नत है और चोरी की जरूरत नहीं। फ्युसीलेज, कॉकपिट पेनल्स आदि को देखा गया होगा तो भी इन सबके निर्माण और कन्फ्यूगिरेशन के लिए बहुत उन्नत टेक्नोलॉजिकल ज्ञान और अनुभव की जरूरत होती है। भारत के टेक्नोक्रेट्स उस तरीके से चोरी नहीं करते जैसा चीन ने शुरुआती दौर में रूस में बने फाइटर जेट्स और युद्धक टैंकों को उधेड़ कर इन्हें रिवर्स टेक्नोलॉजी मेथड से अधिक उन्नत करते हुए पुनर्निर्मित किया था। खबरी मीडिया बता रहा है कि चीन ने दूसरे महायुद्ध के समय के लड़ाकू विमान, युद्धक टैंक और बहुत सा असॉल्ट सामान जंगलों में छिपा कर रखा था जिसके बूते पर गयी-बीती टेक्नोलॉजी को आधार बनाते हुए इन्हें उन्नत कर लिया गया। चीन के टेक्नोक्रेट्स इतने नाकाबिल नहीं हो सकते कि अब वे टेक्नोलॉजी की नकल करें।

भारत द्वारा अपनी नौसेना और वायुसेना लिए विकसित किए जाने वाले तेजस विमान में विलम्ब को लेकर तीखी आलोचना जब हुई तो कहा गया कि भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन से सम्बद्ध एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी 5वीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 विकसित करने के प्रोजेक्ट पर तेज़ी से काम करेगी। लक्ष्य है कि विमान 1620 किमी की गति से 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक 2.15 मैक की गति से उड़ने वाला होगा। इसमें भारत में सर्वाधिक उन्नत अस्त्र लगाए जा सकेंगे। यह काम सन 2035 तक पूरा होगा। यह अमरीका के ऍफ़-35, रूस के सुखोई-57, और चीन के जे-20 अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट प्लेन्स की टक्कर का या इनसे कुछ उन्नत ही होगा। चिंता इस बात को लेकर है कि भारत की यह योजना अभी10 साल बाद संपन्न होगी जबकि अमरीका, रूस और चीन के उक्त तीनों विमान फिलहाल सेवा में लिए जा चुके हैं। तब तक भारत क्या करेगा?

> स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है।

आलोचना सिर्फ भारत द्वारा स्वदेशी फाइटर प्लेन्स विकसित करने में हुए विलंब को लेकर नहीं होती। ब्रिटेन के नेशनल ऑडिट ऑफिस ने एक रिपोर्ट -द यूके'ज ऍफ़-35 कैपॉबिलिटी, 2025, कुछ सप्ताह पहले तैयार की है जिसमें ब्रिटेन के सबसे उन्नत इस युद्धक विमान की परियोजना पर अब तक एक ख़रब 27 अरब रुपये की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसके बदले में ऍफ़-35 विमान के विकास की मूल योजना के क्रियान्वयन में निराशाजनक परिणाम मिले हैं। ऍफ़-35 लाइटनिंग स्टील्थ फाइटर विमान के विकास का काम सन 2018 में संपन्न हो जाने के बाद समीक्षात्मक रिपोर्ट अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ एयरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स फोरम ने सार्वजनिक की थी जिसे ऍफ़-35 एयर व्हीकल टेक्नोलॉजी ओवरव्यू नाम दिया गया है।

उक्त ऑडिट रिपोर्ट में ऑडिटर ने लिखा कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा ऍफ़-35 में योजनानुसार निर्माता लॉकहीड मार्टिन ने अनिवार्य क्षमताएं प्रदान नहीं की हैं। ऍफ़ -35 में सुरक्षित दूरी से ज़मीनी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए एक भरोसेमंद वेपन स्पीयर-3 मिसाइल सन 2024 के अंत तक इस विमान में लगा दिया जाना चाहिए था, लेकिन 2030 के दशक की शुरुआत तक इसे इनस्टॉल नहीं किया जा सकता। स्पीयर-3 एक भावी एयर-टू-ग्राउंड और संभवतः एंटी-शिप क्रूज़ मिसाइल है जो गतिशील और स्थिर लक्ष्यों पर प्रहार कर सकती है। इसके न होने से युद्ध क्षेत्र में कुछ मिशनों को संचालित करने की ब्रिटेन की क्षमता सीमित हो जाएगी।

स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है। बेहतरीन अदृश्यता गुण और पकड़े जाने से बचने के लिए विमानों के लिए फिलहाल प्लाज़्मा, इन्फ्रा-रेड, मैग्नेटिक और एकॉउस्टिक सिग्नेचर रिडक्शन एवं एक्टिव और पैसिव कैंसलेशन सिस्टम्स का इस्तेमाल होता है। एंटी-स्टील्थ और स्टील्थ सिस्टम्स लंबे समय तक उपयोग के बाद क्षीण हो जाते हैं। विमान को छुपाने वाले मटेरियल की जो परत इसके शरीर पर चढ़ाई जाती है वह कुछ समय पश्चात हवा में मौजूद कणों के घर्षण और इससे पैदा होने वाली गर्मी या किसी और वजह से ढीली पड़कर उतर सकती है। स्टील्थ कोटिंग टेक्नोलॉजी को रिसर्च से कैसे संभव बनाया गया इसके लिए विभिन्न प्रकार की राडार टोही तकनीकों की कार्यप्रणाली के अलावा पॉलीमर विज्ञान को समझना जरूरी है। एक फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को डिटेक्ट करने के लिए ध्वनि और इलेक्ट्रॉनिक तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्टील्थ मटेरियल की कोटिंग फाइटर एयरक्राफ्ट या बॉम्बर को टोही तरंगों की चपेट में आने से बचाती है। पॉलिमर कम्पोजिट-आधारित स्टील्थ सामग्री में कार्बनयुक्त पदार्थ और भराव के रूप में ग्रैफीन, कार्बन ब्लैक, कार्बन नैनोट्यूब और कार्बन फाइबर शामिल हैं। इससे छुपाव और विमान के बाह्यावरण को अत्यधिक गर्म होने से बचाने के स्टील्थ कोटिंग की जाती है। स्टील्थ परत सामग्री रेज़िन बाज़ार में उपलब्ध एपॉक्सी, पॉलीयूरेथेन और पॉलीइमाइड जैसी लेकिन उन्नत पदार्थ हैं। वाहनों को पराबैंगनी किरणों, पपड़ी बनने और खरोंचों से भी यह बचाती है।

अमरीकी विमान निर्माता कंपनी लॉकहीड को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के विकास कार्य पर सबसे पहले लगाया गया था। मटेरियल की पहचान होने पर विमान के आकार, इसमें प्रयुक्त अन्य सामग्रियों, इंजन और उपकरण, सभी को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के सफल प्रदर्शन के लिए ख़ास तरीके से डिज़ाइन किया जाना चाहिए ताकि रडार संकेतों को विमान से दूर बिखेरने का एक ही केंद्र हो, अलग-अलग नहीं।

फ्युसिलेज डिजाईन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाईन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है। एफ-35 का रेड्यूस्ड क्रॉस सेक्शन ऑफ़ राडार अर्थात आरसीएस, इसे 0.005 वर्ग मीटर से बड़ा नहीं दिखाता है। राडार पर ऍफ़-35 एक हमिंगबर्ड पक्षी से थोड़ा सा बड़ा है। छोटे आकार की ऐसी वस्तु को राडार स्क्रीन पर देखने वाले इसकी उपेक्षा करते हैं जिससे बचाव के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए शत्रु उद्धत नहीं होता। जब मालूम होता है, तब तक देर हो चुकी होती है। हमें विश्वासपूर्वक उम्मीद रखनी चाहिए कि भारत स्वदेशी, विकासमान, पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 लड़ाकू विमान के लिए इन्हीं तकनीकों का इस्तेमाल करेगा।

## प्रसंगवश

# जापान की तकनीक और नवाचार

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीप समूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, और जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती है तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण, और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स(पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है।


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है।

आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाइ स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6 जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है।

मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। कहना ग़लत नहीं होगा कि जैसे-जैसे एआइ, 8के स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। यहां पर मोबाइल इंटरनेट स्पीड 100.78 एमबीपीएस है। जबकि, एवरेज ब्रॉडबैंड स्पीड 63.55 एमबीपीएस है। वास्तव में यह स्पीड विश्व के बाकी देशों के मुकाबले काफी कम है।

दुबई इंटरनेट की स्पीड के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर, तथा हॉंगकांग तीसरे नंबर पर, फ्रांस चौथे नंबर पर तथा आइसलैंड पांचवें नंबर पर आता है, जहां इंटरनेट की स्पीड क्रमशः 318.63 एमबीपीएस, 312.60 एमबीपीएस, 308.01एमबीपीएस तथा 306.22एमबीपीएस है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि जापान ने अपने तकनीकी नवाचार से ग्लोबल डिजिटल डिफरेंस को भी उजागर किया है। आज एआइ का दौर है, दुनिया में ज्यादातर कामकाज इंटरनेट, तकनीक से किए जा रहे हैं।आने वाले समय में इंटरनेट व तकनीक का उपयोग निश्चित ही और अधिक बढ़ेगा, ऐसे में जापान की इंटरनेट स्पीड से जापान के साथ ही साथ दुनिया के अन्य देशों को भी इसके लाभ मिल सकेंगे।

# अंतरिक्ष में खेती-किसानी और हिरण्यगर्भ

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के प्रवासी भारतीय शुभांशु शुक्ला ने भविष्य की सुरक्षित खेती-किसानी के लिए अंतरिक्ष में बीज बो दिए हैं। यह सुनने में आश्चर्य होता है कि अंतरिक्ष लोक में खेती? आखिर कैसे संभव है ? मनुष्य धरती का ऐसा प्राणी है, जिसकी विलक्षण बुद्धि नए-नए मौलिक प्रयोग करके धरती के लोगों का जीवन सरल व सुविधाजनक बनाने में लगी है। इसी क्रम में अब अंतरिक्ष में किया जा रहा खेती करने का प्रयोग है। परंतु ऋग्वेद के हिरण्यगर्भ सूक्त में हम देखते हैं कि अंतरिक्ष में जीव-जगत को पैदा करने वाले सभी सूक्ष्म जीवों के रूप में पूर्व से ही विचरण कर रहे हैं।

हमें ज्ञात है कि 11 जून 2025 को अपने तीन अन्य साथी यात्रियों के साथ षुभांशु ने एक्सिओम-4 अभियान के अंतर्गत अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। अब तक 633 यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने कदम रख चुके हैं। शुभांशु 634वें यात्री हैं। इस अभियान का लक्ष्य इस अंतरिक्ष ठिकाने पर विशेष खाद्य पदार्थ और उनके पोषण संबंधी 60 प्रयोग करना है। इनमें सात इसरो यानी भारतीय अनुसंधान संगठन के हैं। हम इन्हीं खाद्य बीजों की बात करेंगे।

शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे। उन्होंने यह भोजन अपने साथियों को भी खिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु से हुई अठारह मिनट की बातचीत में यह पूछा भी 'क्या अपने साथियों को भारतीय व्यंजन खिलाए ?' शुभांशु ने बताया, 'हम सभी ने इसे खाया और सभी को यह पसंद भी आया।' भला इन शाकाहारी व्यंजनों की दुनिया में तुलना कहां ?अंतरिक्ष स्टेशन प्रतिदिन पृथ्वी की 16 बार परिक्रमा करता है। यात्रियों को विभिन्न 16


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे।

सूर्योदय और 16 सूर्यस्त देखने का रोमांच और आनंद मिलता है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहा गया है, सूर्य अनेक हैं। सात दिशाएं हैं, उनमें नाना सूर्य हैं, सप्त दिशो नानासूर्याः सप्त होतार ऋत्विजः। (ऋग्वेदः9.114.3) । अथर्ववेद में सात विशाल सौर मंडल उल्लेखित हैं.., यस्मिन् सूर्या अर्पिताः सप्त साकम। (अथर्ववेदः 13.3.1)

मेथी और मूंग की दाल के बीज अंतरिक्ष में बोकर अंकुरित करने के प्रयोग का नेतृत्व धरती से दो कृषि विज्ञानी रविकुमार होसामणि और सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस अभियान की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि यात्रियों के धरती पर लौटने के बाद बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। तंत्र और पोषण की क्रमिक विकास की संरचना होने वाले बदलावों को ज्ञात किया जा सके। शुभांशु एक अन्य प्रयोग के लिए सूक्ष्म शैवाल ले गए हैं, जिससे भोजन, प्राणवायु (ऑक्सीजन) और यहां तक की जैव ईंधन उत्पन्न करने की क्षमता को वैज्ञानिक ढंग से परखा जा सके।

अंतरिक्ष में आनुवंशिकी सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी पोषण संरचना की जानकारी हमें अपने प्राचीन संस्कृत ग्रंथ श्रीमद्भागवत में भी मिलती है। कश्यप-दिति पुत्र हिरण्यकश्यप केवल बाहुबलि ही नहीं है, अपितु अपनी मेधा और अनुसंधानमयी साधना से उन्होंने चमत्कारिक वैज्ञानिक उपलब्धियां भी प्राप्त की हुई हैं। इस अनंत ब्रह्मांड में दृश्य एवं अदृश्यमान संपूर्ण पदार्थों के तत्व उपलब्ध हैं। सूर्य की किरणों में भी सभी पदार्थों को उत्सर्जित करने वाले तत्वों की उपस्थिति मानी जाती है। हिरण्यकश्यप वायुमंडल में विचरण कर रहे इन मूलभूत तत्वों पर नियंत्रण की वैज्ञानिक विधि में निपुण थे। श्रीमद्भागवत के स्कंध-1, अध्याय-4 में कहा है..,अकृश्टपच्या तस्यासीत सप्त द्वीपवतीमही।/ तथा कामुधाद्यौस्तु नानाश्चर्य पदं नभः।।

अब दुनिया के भौतिक विज्ञानी मानने लगे हैं कि अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड में विविध रूपों में जीव-जगत व वनस्पतियों का सृजन करने वाले बीजों के सूक्ष्म कण हमेशा विद्यमान रहते हैं। गन्ना (ईख) एक बार बोने के बाद कई साल तक फसल देता है। रूस के वैज्ञानिकों ने ऐसे संपुटिका (कैपस्यूल) बना लिए हैं, जिनमें बीजों के कई-कई मूल कण संयोजित रहते हैं।

हमारे ऋषियों ने ऋग्वेद के दसवें मंडल के 'हिरण्यगर्भ' सूक्त में सृजन के सूक्ष्म जीव को हजारों वर्ष पहले ज्ञात कर लिया था.., हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक असीत।/ स दाधार पृथिवीं धामुतेमां कस्मै देवाय हविशा विधेम।। अर्थात, इस सृष्टि के निर्माण से पहले इसके आदि स्रोत के रूप में हिरण्यगर्भ अत्यंत सूक्ष्म रूप में विद्यमान था। इसी सूक्ष्म से सृश्टि का विस्तार हुआ। इस विशाल सृष्टि के आधारभूत मूल में प्रकृति अत्यंत सूक्ष्म है, जिसे केवल अनुमान से ही जाना जा सकता है। हिरण्यगर्भ में हिरण्य स्वर्ण सी चमकने वाली ऊर्जा का प्रकाशपुंज है। 'गर्भ' से आशय कोख या अंडे से है। यही वह प्राकृतिक अवयव, अंग, बीज या उपकरण हैं, जिनसे संपूर्ण जीव-जगत पैदा होता है।

## सोशल फोरम

# आश्रम धर्म

हमारे शास्त्रों में निर्देश है कि हम आश्रम धर्म का पालन करें। प्रचलित अर्थ में जीवन को चार बराबर खंडों में बांटा गया है। जीवन के प्रथम खंड (25 वर्ष की उम्र तक) को ब्रह्मचर्य आश्रम में व्यतीत करने की बात कही गई है। द्वितीय खंड (26-50 वर्ष) गृहस्थ आश्रम का है। तृतीय खंड (51-75 वर्ष) वानप्रस्थ आश्रम में व्यतीत करना चाहिए और चतुर्थ खंड (76 से मृत्यु पर्यंत) संन्यास आश्रम में रहना चाहिए।

वानप्रस्थ का सामान्य अर्थ है वन में निवास करते हुए जीवन बिताना। यह तभी तक संभव था जब वन बड़े भूभाग पर थे और जनसंख्या कम थी। बसोबास कम थे। अतः कहा गया कि कलियुग में केवल दो आश्रम होंगे। गृहस्थ और भिक्षुक (संन्यास)।


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रह्मचर्य आश्रम का लोप हो गया। शिक्षा-दीक्षा के लिए बच्चे वन नहीं, विद्यालय जाने लगे। ध्यान दें कि भीष्म ने अपने पोतों की शिक्षा के लिए घर की बगल में ही विद्यालय खुलवा दिया जहां द्रोणाचार्य प्रधान शिक्षक थे। इसी तरह वन का अर्थ बदल गया। नये दौर में वन का अर्थ मठ हो गया।

बसोबास ने ब्रह्मचर्याश्रम के लिए शिक्षण संस्थानों और वानप्रस्थ के लिए वनों को आत्मसात कर लिया, इंटरनलाइज कर लिया। वे विद्यालय और मठ में परिवर्तित हो गए।

जंगलों में भिक्षा कहां मिलती। गृही ही भिक्षा दे सकते हैं। अतः संन्यास आश्रम भी बसोबास से जुड़ गया।

भौतिक संरचना के बदलने से धर्म और आचरण का बदलना स्वाभाविक है। इनके असर स्पष्ट दिखते हैं। जब घर में रह कर शिक्षा स्कूल में मिले तो गृहस्थाश्रम का आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है। विद्याध्ययन में रुचि न हो तो गृहस्थाश्रम में प्रवेश पच्चीस वर्ष की उम्र के पहले भी होने लगा। दूसरी तरफ, जो वानप्रस्थ में मठ में रहते थे वे धार्मिक और सामाजिक कामों में भी भाग लेने लगे। संन्यास की उम्र आगे सरक गई। जिन्हें संन्यासी होना चाहिए था वे मठ में रहने लगे।

समय बदलता रहा। अब कुछ मठ वृद्धाश्रम में बदल रहे हैं। कुछ मेरे जैसे वृद्ध पेंशन या सरकारी भिक्षा पर जीने लगे हैं। जिन्होंने सरकारी नौकरी नहीं की उन्हें वृद्धावस्था वाली पेंशन मिलती है जिससे वे भिक्षुक जैसी जिंदगी जी ले सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है

एक मेरे मित्र हैं,संस्कृति के अध्ययन में लगे हैं,जब-कभी आते हैं,एक ही बात दोहराते हैं कि दुनियां की सारी भाषाएं भारत से निकली हैं,सारी सभ्यताएं भारत से गई हैं, समस्त ज्ञान-विज्ञान का जन्म भारत में ही हुआ था,पहला मनुष्य भारत में ही जनमा था,इत्यादि। इनकी बात सुन लेता हूं, उत्तर नहीं देता, क्योंकि वे धरती की महिमा को देखते हैं, पंथ को देखते हैं, मनुष्य को नहीं देख पाते। उनकी समझ में नहीं आता कि मनुष्य मनुष्य है और वह सभी देशों में समान है। मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां सभी जगह वही हैं।

दूसरे लोग वे हैं, जो समझते हैं कि भारत के लोग अंधविश्वासी हैं,धर्म अफीम है,सामंतवाद का ही अवशेष चारों ओर है। ये मानते हैं कि भारत अज्ञान में डूबा रहा है। समस्त ज्ञान-विज्ञान यूरोप में या अन्य देशों मे ही पैदा हो सकता था, वहीं हुआ ! समस्त मनीषा विदेशों में ही है।

भारत तो बस रूढ़िवाद का ही गढ़ रहा है। संक्षेप में उनके विचार से विदेशी पहले नंबर का मनुष्य है और भारतीय दूसरे नंबर का मनुष्य है। ये लोग नहीं समझ पाते कि जो भारतवंशी विदेशों में गए, उनको अवसर मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखा दिया। ये लोग पहले वाले पंथ-आग्रह का उसी स्तर पर रहते हुए उत्तर देते रहते हैं। वैज्ञानिक नाम से उन लोगों ने एक नया पंथ बना लिया है। वे नहीं सोचेंगे कि रूस में क्रांति के समय


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था?

कितने लोगों को मरवा दिया गया था? अमरीका में कितने रेड- इंडियन्स को मरवाया गया था? कितने देशों पर बम गिराये गये थे? आज भी यूक्रेन में नरमेध हो रहा है। ये सभ्य हैं ? इसका नाम आधुनिकता है?

तीसरे वे हैं, जो बिना अध्ययन के ही वेदों को, पुराणों को ,उपनिषदों को, गीता-भागवत को और अन्यान्य ग्रंथों को ब्राह्मणों की गप कह देते हैं। उनकी सनक है कि भारत में तो जातियुद्ध होते रहे हैं और वही होंगे। उनकी जातिचेतना इतनी बड़ी है कि मनुष्य उनको दिखता नहीं। इसे कहते हैं तिनका की ओट पहाड़। जातिचेतना से ग्रस्त मस्तिष्क अपनी स्वयं की अपरिमित शक्ति को नहीं देख पाता। बहस के सिवा उसके वश का कुछ नहीं है। उनकी समझ में क्यों नहीं आता कि नफरत से नफरत का इलाज नहीं हो सकता ?माना कि ऊंच नीच नहीं होना चाहिए। क्यों? इसलिए कि सब मनुष्य हैं, लेकिन यदि मनुष्य और मनुष्यता का विचार ही नहीं रहा तो फिर यह सवाल ही असिद्ध हो जाता है। यह नहीं हो सकता कि एक जाति है, तो आदमी का दर्द, दर्द है और दूसरी जाति के आदमी का दर्द है तो वह दर्द नहीं, हंसी है ।

दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था? पश्चिम के देश अभी भी नस्लवाद की कैद से पूरी तरह आजाद नहीं हैं।

सभ्यता का विकास हुआ तो मनुष्य और मनुष्यता के विचार के आधार पर। जाति समस्या का समाधान भी मनुष्यता के विचार से ही होगा। वास्तव में पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है और मनुष्य इन तीनों पूर्वाग्रहों के बाहर है। मनुष्य का पाठ पढ़ना पहली और बड़ी बात है।

पहले यह समझना कि मनुष्य मनुष्य है,न कम न अधिक, यहां का या वहां का,आज का या कल का। अंतर है, वह परिवेश का है ,जिसके कारण एक बाप के तीन बेटे अलग अलग आचरण व्यवहार और समझ के बन जाते हैं।

यहां ध्यान देने की बात है कि समस्त साहित्य, संस्कृति, समस्त ज्ञानविज्ञान, समस्त विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, सब के केन्द्र में मनुष्य है। धर्म मनुष्य के लिए है , मनुष्य के कल्याण के लिए है। देश मनुष्य के लिए है। भाषा और साहित्य मनुष्य के लिए है। राष्ट्र से मनुष्य नहीं है, मनुष्य से राष्ट्र है। अंततः राष्ट्रवाद के केन्द्र में मनुष्य है । समाजवाद के संबंध में भी यही बात कही जा सकती है । लेकिन हमने मनुष्य के परिवेश (जाति आदि) को ही अंतिम सत्य मान लिया। हमें मनुष्य के अध्ययन के लिए और गहरा और गहरा उतरना था, लेकिन हम देशी -विदेशी में उलझ गए ,जाति मजहब में उलझ गए।

किसी ने कहा मार्क्सवाद अन्तिम सत्य है। उसको उसने विज्ञान का नाम दे दिया। किसी ने धर्म और राष्ट्र को अंतिम सत्य मान लिया। उनमें सचमुच में जो सबसे बड़ा सत्य था, वह मनुष्य निकल कर बाहर चला गया और हम परिधियों को लेकर लड़ते रहे, इस लडाई का कहीं और कभी अंत नहीं हो सकता। चंडीदास ने कहा था कि मनुष्य की चर्चा तो सभी करते हैं किन्तु कितने हैं जो मनुष्य के सत्य-स्वरूप से परिचित हैं ? मनुष्य इस सृष्टि का प्राण है, जीवनधन है, मनुष्य को केवल ऊपर से या देह से ही देखने वाले भ्रम में ही पड़े हुए हैं क्योंकि वे उसके भीतरी स्वरूप से परिचित नहीं हैं। मनुष्य प्रेम-रस से ही गढ़ा हुआ है। प्रेम नहीं है तो वह सच्चा मनुष्य ही कहां है ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

# सावन का पहला सोमवार: श्रद्धालुओं की सुरक्षा के रहेंगे कड़े प्रबंध

## कोतवाली स्टाफ समेत 3 सीओ, 32 इंस्पेक्टर, 100 महिला-पुरुष उपनिरीक्षक, एक बटालियन पीएसी व 406 महिला-पुरुष आरक्षियों और 5 यातायात उपनिरीक्षकों के जिम्मे सुरक्षा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सावन के पहले सोमवार को छोटी काशी गोला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। भीड़ नियंत्रण को लेकर रूट डायवर्जन के साथ ही 41 बैरियर लगाए हैं। स्कूलों की छुट्टी और श्रद्धालुओं के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिसके लिए एक बटालियन पीएसी, चार सीओ, 32 इंस्पेक्टर, 100 उप निरीक्षक सहित महिला, पुरुष 406 आरक्षियों की तैनाती की गई है। नगर पालिका ने श्रद्धालुओं के डुबकी और आचमन के लिए तीर्थ में स्वच्छ जल भरवा दिया है।

छोटी काशी में सावन का विशेष महत्व है। हर वर्ष दसों लाख शिवभक्त, कांवड़िया पौराणिक शिव मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक, पूजन, अर्चन कर पुण्य कमाते हैं। इस वर्ष शिव मंदिर कॉरिडोर की चर्चा दूर-दूर तक होने से भी श्रद्धालुओं की आवक में इजाफा हो सकता है, जिसके लिए प्रशासन पूरी तरीके से सजग है। एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी प्रकाश कुमार, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, सीओ शिवम कुमार, इंस्पेक्टर अंबर सिंह सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी पौराणिक शिव मंदिर परिक्षेत्र, नगर में बनाए गए पार्किंग स्थल, रूट आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा के हर बिंदु पर नजर बनाए हैं।



गोला की प्रमुख सड़कों पर लगे बैरियर। ● अमृत विचार


पौराणिक शिव मंदिर में पूजा-अर्चना को पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- एसपी, एएसपी, एसडीएम ने किया शिव मंदिर परिक्षेत्र का किया निरीक्षण

### रूट डायवर्जन लागू

छोटी काशी में सावन में शिव भक्तों की भीड़ और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पुलिस प्रशासन में शनिवार शाम 7 बजे से सोमवार रात 11 बजे तक ई-रिक्शा, बड़े वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया है। साथ ही पौराणिक शिव मंदिर परिसर, अलीगंज रोड, स्टेशन रोड, मिल रोड पर केवल पैदल यात्री ही जा सकेंगे। आवश्यक सेवाओं को अनुमति दी गई है। मेला परिक्षेत्र में बाइकों के निकलने पर भी सोमवार को प्रतिबंध रहेगा।

### नगर सीमा, मेला परिक्षेत्र में लगे बैरियर से की जाएगी भीड़ नियंत्रित

नगर पालिका परिषद की ओर से श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए 11 लोहे के और 30 बांस के बैरियर सभी प्रमुख मार्गो सहित मेला परिक्षेत्र में लगवाए गए हैं, जिससे अधिक भीड़ होने पर उन्हें नियंत्रित किया जा सके और यातायात व्यवस्था भी सुचार रूप से बनी रहे।

### श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल टॉयलेट, पानी के टैंकर की रहेगी व्यवस्था

नगर पालिका परिषद की ओर से श्रद्धालुओं, कांवड़ियों के लिए 9 स्थाई शौचायलयों के साथ ही सात मोबाइल टॉयलेट भी मेला परिक्षेत्र में रखे गए हैं। इसके साथ ही पीने और स्नान के लिए 20 पानी के टैंकरों की व्यवस्था भी की गई है।

### गोला में आज बंद रहेंगे सभी विद्यालय

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : सावन में शिव भक्त कांवड़ लेकर छोटी काशी में जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो चुके हैं। खासकर सोमवार को गोला की सड़कों पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने विभिन्न बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सावन माह के सभी सोमवार को पठन-पाठन स्थगित कर स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में सावन के पहले सोमवार नगर के सभी स्कूल बंद रहेंगे। बताया कि सावन माह के सोमवार का विशेष महत्व होने के कारण गोला में अत्याधिक भीड़ उमड़ती है, छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए 14, 21, 28 एवं चार अगस्त को पड़ने वाले सोमवार को सभी विद्यालय पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। डीआईओएस ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार को विद्यालय खुला मिलता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक की होगी।

### रात दो बजे ही खुल जाएंगे शिव मंदिर के कपाट

पौराणिक शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि सावन माह में विशेष तिथियां और सोमवार को पौराणिक शिव मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के जलाभिषेक, पूजन, अर्चन के लिए रात दो बजे ही खोल दिए जाएंगे। वहीं सामान्य दिनों में सुबह 4 बजे शिव मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर 2 बजे मंदिर की साफ सफाई होगी तब मंदिर बंद रहेगा और रात में 9 बजे के बाद श्रंगार पूजा होने के बाद 11 बजे शिव मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे।

### मेला क्षेत्र में रहेगी पर्याप्त पुलिस फोर्स

सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक न होने पाए इसके लिए पुलिस प्रशासन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगवाए हैं, वही सावन के रविवार और सोमवार को कोतवाली के स्टाफ के अतिरिक्त रेंज से आए 3 सीओ, 32 इंस्पेक्टर, 100 महिला, पुरुष उपनिरीक्षक, एक बटालियन पीएसी के साथ 406 महिला पुरुष, आरक्षियो और पांच यातायात उपनिरीक्षकों की तैनाती की गई है।

### गोकर्ण तीर्थ में श्रद्धालु आज लगा सकेंगे आस्था की डुबकी

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा था कि हर कीमत पर सावन के पहले सोमवार से श्रद्धालु गोकर्ण तीर्थ में डुबकी लगा सकेंगे, जिसके लिए पालिका के सफाई कर्मियों ने शनिवार रात तक तीर्थ की तलीझाड़ सफाई कर रविवार को पानी भरना शुरू कर दिया। रविवार शाम तक गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों तक जल भर गया, जिससे सोमवार को श्रद्धालु तीर्थ में आस्था की डुबकी लगा सकेंगे। सावन मेला के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका के 250 सफाई कर्मचारियों के अतिरिक्त 30 अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए गए हैं, ताकि मेला में साफ सफाई बनी रहे।

### बसों का संचालन भी नगर के बाहर से

सावन के मेले में भीड़ को देखते हुए प्रशासन में रोडवेज बस अड्डे को नगर से बाहर बाईपास स्थित राइस मिल से संचालन कराना शुरू कर दिया है। एआरएम महेश चंद्र कमल ने बताया कि सावन माह के प्रत्येक रविवार और सोमवार को रोडवेज की बसें स्टेशन रोड स्थित डिपो पर न जाकर नगर के मोहम्मदी रोड बाईपास स्थित राइस मिल से पूर्व वर्षों की भांति ही संचालित की जाएगी, जिन बसों का संचालन सिकंद्राबाद होकर लखीमपुर, सीतापुर होगा, उनका भी किराया नहीं बढ़ेगा।

## भूतपूर्व सैनिक भी सावन में करेंगे पुलिस का सहयोग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने मासिक बैठक में सावन में शिव मंदिर परिसर में स्वभाव एवं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सहयोग करने का निर्णय लिया और पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर भी चर्चा कर उनके समाधान करने का रास्ता निकाला।

नगर के लखीमपुर रोड स्थित कुंभी ब्लॉक सभागार में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व सैनिकों की पेंशन आदि की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान कराने की योजना बनाई और सावन माह भर मंदिर परिसर में सेवा भाव से पुलिस का सहयोग करने का निर्णय लिया।

बैठक के बाद पूर्व सैनिकों ने पूर्व सैनिक प्रेमचंद वर्मा की पत्नी का 10 जुलाई को निधन हो जाने पर शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक में संरक्षक राजेश्वर सिंह, कृष्णगोपाल त्रिवेदी, अकरम खान, प्रेम कुमार वर्मा, गजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार गुप्ता, वीरभद्र सेन, नारायण लाल, मिथिलेश अवस्थी, रघुनंदन प्रसाद आदि भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## मंडलीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में शामिल होगी जिले की टीम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 जुलाई को टूर्नामेंट
- लालपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 12 खिलाड़ियों का किया गया चयन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से 15 जुलाई को अंडर- 19 बालक वर्ग की मंडलीय हैंडबॉल जूनियर चैंपियनशिप का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा। इसमें जिले की टीम भी शामिल होगा, जिसका चयन रविवार को लालपुर स्टेडियम में किया गया।

जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव शारिफ तारा ने बताया कि हैंडबॉल टीम का चयन रविवार को लालपुर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में उप क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद इरफान (इंटरनेशनल कोच हैंडबॉल) की मौजूदगी में हुआ। जूनियर वर्ग के लिए कोच से लेकर 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस दौरान जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विवेक गुप्ता, विपनेश मिश्रा, विवेक पुरी, काजी, अरुण कुमार, योगेश आदि ने टीम के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी है।

### अंडर-19 हैंडबॉल टीम

विशाल कुमार (कप्तान), आयुष वर्मा (उप कप्तान), आहान मिश्रा, आलोक वर्मा, प्रतीक तिवारी, सुशांत, आदित्य सिंह, आयुष्मान, रेवी कश्यप, विवान वर्मा, अभिनव सिंह, विभू पांडेय एवं टीम कोच रमेश वर्मा एवं मैनेजर आदिल रजा जिमी।

## घर में घुसे चोर ले गए नकदी व जेवर

**निघासन, अमृत विचार:** गांव खैहरानी निवासी रामलखन ने बताया कि गर्मी के कारण वह और परिवार के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे। तड़के करीब चार बजे बारिश शुरू होने पर जब परिजन नीचे कमरे में पहुंचे तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था।

अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख परिवार के लोगों के होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि चोर घर से लगभग 15 हजार रुपये नकद, एक सोने की माला, झुमकी समेत करीब दो लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## करसौर गांव को निगलने को आतुर शारदा, पलायन को तैयार ग्रामीण

संवाददाता, मूड़ा सवारान


करसौर गांव में शारदा में समाने की कगार पर मकान। ● अमृत विचार


कटान के डर से नींव की ईंटें निकालते बच्चे। ● अमृत विचार

- खुद अपने हाथों से आशियाने उजाड़ने को मजबूर ग्रामीण

**अमृत विचार:** जिन बच्चों को अपने घरों में खेलना था। माता-पिता ने बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर तमाम तरह के सपने देखे थे। आज उन्हीं घरों के छोटे-छोटे बच्चे घरों की एक-एक ईंट निकाल रहे हैं। कितने बेबस होंगे घर बनाने वाले ग्रामीण जिन्होंने पूरी जिंदगी की कमाई घर बनाने में लगा दी कि बच्चों के साथ पूरा परिवार पक्के घर में रहकर खुशहाल जीवनयापन करेगा। प्रशासन की लापरवाही ग्रामीणों पर कुछ इस तरह भरी पड़ी कि आज पूरा गांव शारदा के कटान से भयभीत है।

जिस घर को बनाने में लोग जीवन भर की जमा पूंजी लगा देते हैं। अपने परिवार की सुरक्षा और खुशहाली के लिए पेट काटकर रुपये जोड़ते हैं और फिर उससे एक पक्के मकान का निर्माण करते हैं। ताकि उस पक्के मकान में परिवार का भरण पोषण सही ढंग से हो सके।करसौर गांव के लोग मजबूरन अपने इस सपने के घरों पर हथौड़ा चला रहे हैं, लेकिन क्या करें यदि न चलाएं तो पूरा घर पानी में बह जाएगा ऐसे में उन्हें लालच है कि खुद ही अपना मकान तोड़कर कुछ मटेरियल बचा लें, जिससे अन्य स्थान पर दूसरा आशियाना बनाने में कुछ मदद मिल सके।

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के गांव करसौर में शारदा नदी के तेवर के आगे न तो प्रशासनिक अधिकारियों का आश्वासन टिक सका और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया भरोसा। स्थिति यह है कि कटान कर रही शारदा नदी को देखते हुए ग्रामीण खुद ही अपने पक्के घरों को तोड़ रहे हैं। ग्रामीण पलायन की तैयारी में हैं और प्रशासन कहीं नजर नहीं आ रहा है। अधिकारी कटान से बचाव के उपाय नहीं कर पा रहे हैं।कटान के चलते आधा दर्जन घर पहले ही शारदा में समा चुके हैं। जबकि दर्जनों घरों पर खतरा बढ़ गया है। गांव में आलम यह है कि लोगों को रात के समय नींद नहीं आती है।

उन्हें डर रहता है कि कहीं नदी का कटान उनके घर तक न आ जाए। गांव के किनारे बसे लोगों ने हालात को देखते हुए अपने घरों को खाली कर दिया है। साथ ही हथौड़ा चलाकर मकान का ईंटें निकाल रहे हैं।

## गांव में घुसकर बाघ ने घर के बाहर बंधी बछिया का किया शिकार

संवाददाता, बांकेगंज

- वन विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों की नोकझोंक
- दहशत में ग्रामीण, खेतों की तरफ जाने से डर रहे लोग

**अमृत विचार:** तीन दिन से महरताला क्षेत्र में डेरा डाले बाघ ने शनिवार की रात गांव में घुसकर घर के बाहर बंधी बछिया को शिकार बना लिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जब ग्रामीणों से सतर्क रहने की बात कही तो लोग भड़क गए। इस दौरान उनकी वन विभाग की टीम से तीखी नोकझोंक हुई। इस पर टीम वापस लौट गई।

गोला पश्चिमी बीट के महरताला गांव में शनिवार की रात एक बाघ ने घर के बाहर खूंटे से बंधी हरि गोविंद की बछिया को अपना शिकार बना लिया। आवाज सुनकर घर के बाहर बरामदे में सो रहे हरि गोविंद की आंख खुल गयी। बाघ को देख उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी जाग गए और लाठी-डंडे लेकर बाहर निकल आए। तब तक बाघ वहां से भाग निकला। रविवार सुबह सूचना पाकर वन दरोगा अफजल गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस पर ग्रामीण भड़क गए। वनकर्मियों से उनकी तीखी नोकझोंक हुई। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक हम लोगों का खेतों में काम करना दुश्वार था। हम लोग दोगुनी मजदूरी देकर मजदूरों से खेतों में काम करवा रहे थे। अब अपने घर पर भी हम सुरक्षित नहीं है। काफी देर बहस होने के बाद वन विभाग की टीम लौट गई।

### महरताला में वन विभाग ने लगाया पिंजड़ा


**बांकेगंज। अमृत विचार :** महरताला गांव में घुसकर बाघ के बछिया को निवाला बनाए जाने के बाद वन विभाग जागा है। वन विभाग की टीम रविवार की शाम गांव पहुंची। टीम ने पिंजड़ा लगाया है, जिसमें शिकार के लिए एक बकरी को बांधा गया है। पशु चिकित्सक डॉ. दया शंकर ने थर्मल ड्रोन से टाइगर की निगरानी की। इस दौरान ग्रामीणों में उत्सुकता दिखाई दी।

> बाघ के गांव के नजदीक बने रहने के कारण गांव के आसपास कैमरे लगवाए जाएंगे तथा जहां बाघ अक्सर दिखाई देता है वहां शाम को पशु बांधा जाएगा। -**अफजल खान**, फॉरेस्टर

### घास काट रहे मजदूर पर बाघ ने किया हमला

**महंगापुर, अमृत विचार :** गन्ने के खेत में घास काट रहे मजदूर पर रविवार को बाघ ने पीछे से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गांव महंगापुर फील्ड कॉलोनी निवासी मजदूर खुशीराम गांव के ही किसान सोनी सिंह के गन्ने खेत में अपने साथियों के साथ घास काट रहा था। शाम करीब पौने 6 बजे गन्ने में मौजूद बाघ ने उस पर पीछे से हमला कर दिया। शोर मचाने पर बाघ छोड़कर भाग गया। गंभीर रूप से घायल किसान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परसपुर वन चौकी के दरोगा राकेश कुमार पटेल ने बताया बाघ व तेंदुआ के पग चिह्न नहीं मिल सके। आशंका जताई जा रही तेंदुआ ने हमला किया है।

### तीन दिनों से डेरा डाले हुए है बाघ

बाघ तीन दिनों से गांव के आसपास डेरा डाले है। शुक्रवार को दिन में बंजरिया निवासी मेवा व कौशल किशोर गांव के बाहर अपनी बकरियां चरा रहे थे कि अचानक गन्ने के खेत से निकल कर बाघ उन दोनों की एक-एक बकरी खींच ले गया। वे लोग चिल्लाते ही रह गए। शनिवार शाम झंझट पुरवा निवासी पृथ्वी पाल के कुत्ते को बाघ ने मार दिया। गांव में घुसकर बाघ द्वारा हमला करने से ग्रामीण परेशान है। उनका कहना है कि बाघ यदि इसी तरह गांव के आसपास बना रहा तो बच्चों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। विद्यालय खुल चुके हैं तथा पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। ऐसे में गांवों से बांकेगंज, गोला के विद्यालयों में पढ़ने जाने वाले बच्चों की सुरक्षा कैसे की जाएगी। हम अपनी खेती किसानी देखें या बच्चों की सुरक्षा का उपाय ही करते रहे। वन विभाग को इस बात का संज्ञान लेना ही पड़ेगा। इस समस्या का कोई न कोई समाधान तो होना ही चाहिए। अन्यथा ग्रामीणों को ही इसका कोई हल ढूंढ़ने के लिए विवश होना पड़ेगा।

### बाघ ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

**पलिया कलां, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव लोहरा वीरान में गन्ने से निकले एक बाघ ने पालतू कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। इससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है। गांव लोहरा वीरान निवासी हरचरन कमल ने बताया कि शनिवार की शाम गन्ने के खेत से निकला एक बाघ उनके हजारों रुपये कीमत वाले पामोलिन नस्ल के एक वर्षीय नर कुत्ते को गन्ने में खींच ले गया। तलाश करने पर रविवार की सुबह गन्ने के खेत में कुत्ते के शव के कुछ चीथड़े पड़े मिले। घटना की सूचना मझगई रेंज ऑफिस को दे दी गई, लेकिन कोई वनकर्मी मौके का निरीक्षण करने के लिए नहीं पहुंचा। बाघ की आमद के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।

## ऑनलाइन उपस्थिति में बाधक बन रही जियो लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने अपलोड करने का बताया तरीका

**अमृत विचार:** माध्यमिक स्कूलों में पंजीकृत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड होनी है। इसमें जहां जियो लोकेशन बाधक बन रही है तो वहीं कुछ प्रधानाचार्य इसमें लापरवाही भी बरत रहे हैं। इसको लेकर लापरवाही बरतने वाले प्रधानाचार्यों को जेडी माध्यमिक ने समय से उपस्थिति अपलोड करने की जहां चेतावनी दी है तो वहीं तकनीकी दिक्कत दूर करने का तरीका भी मुहैया कराया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली विकसित की है। इसके तहत मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों को छात्र-छात्राओं से लेकर शिक्षकों की रोजाना समय से ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड करनी है। इसकी लखनऊ से निरंतर मॉनिटरिंग हो रही है, जिसमें कुछ प्रधानाचार्यों की लापरवाही उजागर हो रही है। कुछ प्रधानाचार्य इसमें उदासीनता बरत रहे हैं तो कुछ विद्यालयों की लोकेशन मिसमैच होने से ऑन लाइन अटेंडेंस अपलोड करने में दिक्कत हो रही है। इस समस्या का समाधान करने के लिए मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रधानाचार्य यूपीएमएसपी एप के अटेंडेंस विकल्प पर जाकर कॉलेज के मुख्य द्वार पर इस तरह खड़े हों कि पीछे विद्यालय का नाम स्पष्ट रूप से दिखाता रहे, की फोटो खिंचवाकर अपलोड कर दें। इस तरह फोटो अपलोड करने से विद्यालय की सही जियो लोकेशन ही प्राप्त नहीं होगी, बल्कि मिसमैच की समस्या का भी निराकरण हो जाएगा। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि ऑनलाइन अटेंडेंस अपलोड करने में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए रोजाना एप पर उपस्थितु अपलोड करते रहें।

**ट्रिपल राइडिंग कर रहे लोगों को थानाध्यक्ष ने खदेड़ा : बिलहरी।** सावन मेला में हैदराबाद थाना क्षेत्र में नवागत प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार मलिक ने ट्रिपल राइडिंग कर रहे बाइक सवारों को खदेड़ा। उन्होंने टीम के साथ लखीमपुर रोड पर कांवड़ियों के रास्ते पर निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों से कहा कि कांवड़ियों के रास्ते पर व्यवस्था ठीक रहे।

## युवक से बाइक, मोबाइल और 20 हजार रुपये छीने, की मारपीट

संवाददाता, मैलानी

- बदमाशों की पिटाई से घायल युवक के सिर में लगे 22 टांके
- बहन को ट्रेन पर बैठाकर जा रहा था शाहजहांपुर जिले का राजपाल

**अमृत विचार:** थाना मैलानी क्षेत्र में मैलानी से खुटार रोड पर घात लगाए बैठे बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक की पिटाई कर बाइक, मोबाइल और 20 हजार रुपये नकद लूट लिए हैं। लूट से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।

जिला शाहजहांपुर थाना खुटार के प्रसादपुर गांव निवासी रामसिंह ने बताया कि उनका 30 वर्षीय पुत्र राजपाल मैलानी रेलवे स्टेशन पर बहन को ट्रेन पर बैठाकर बाइक से घर आ रहा था।

पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने मैलानी से खुटार रोड पर गांव मठोकर के रास्ते पर हाईवे रोड से करीब 500 मीटर दूरी पर राजपाल पर हमला कर गिरा दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। बदमाश उसके पास से 16 हजार रुपये का मोबाइल, प्लैटिना बाइक और 20 हजार रुपये लूटकर रफूचक्कर हो गए। राहगीरों ने घायल अवस्था में पड़े राजपाल को देखा तो उसे उठाकर मैलानी पीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार में गंभीर चोटों को देखते हुए प्रभारी ने सीएचसी ले जाने की सलाह दी।

परिजन आनन फानन में घायल को निजी अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। परिजनों ने बताया राजपाल के सिर में 22 टांके लगे हैं। मैलानी पुलिस नें मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। मोबाइल को लोकेशन पर डालने से उसकी लोकेशन पीलीभीत से गोला रोड पर दिखी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बदमाश गोला की तरफ गए हैं।

थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शीघ्र ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

आवश्यकता है
● मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव) ● नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
● आयुर्वेदिक परिचारिका ● OT टेक्निशियन
● वार्ड ब्यॉय ● ड्राइवर (मल्टीपर्पज) ● कैंटीन कुक
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड बरेली
मो: +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
कक्षा N.C. से VIIIth हेतु अनुभवी फीमेल टीचर्स की
(सैलरी योग्यतानुसार)
Interview
14 और 15 जुलाई 2025
समय सुबह 11 बजे से 01 बजे तक
एल.बी.एस. कॉन्वेंट स्कूल
निकट होली चौराहा, संजय नगर, बरेली।
7060189500, 8533037097

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी धेवती अपर्णा सिंह पुत्री सुनील कुमार ने कक्षा-10 वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240714905 परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अंकपत्र कॉलेज जाते समय रास्ते में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **रामवीर सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम परमानन्दपुर थाना फैजगंज बेहटा तहसील बिसौली जिला बदायूँ। मो. 8006536100**

सूचना
मेरा सगा बेटा मोबीन (43) उसकी पत्नी हसीना (42) गलत सोहबत में पड़ गया है। उसका चाल-चलन ठीक नहीं है। जिसके चलते हमने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से कतई बेदखल कर दिया है। अब मेरा और मेरे परिजनों ने उससे कतई रिश्ता तोड़ लिया है। उससे कोई भी लेन-देन, लड़ाई-झगड़ा करता है। तो मेरा और परिजनों का कोई मतलब नहीं होगा। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। बुद्धाशाह पुत्र पीरा शाह निवासी ग्राम व पोस्ट मुंडिया अहमदनगर जनपद बरेली। उत्तर प्रदेश संपर्क नंबर -8057980388

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मच्छरों से बचने के लिए घरों में लगाएं रोजमेरी व गेंदा के पौधे

## बारिश में पनपते मच्छर बन रहे डेंगू व मलेरिया का कारण, मच्छरों पर अंकुश लगाने के लिए मलेरिया विभाग कर रहा तरह-तरह के जतन

अवनीश शुक्ला, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बारिश का मौसम शुरू हो गया है। घर से लेकर बाहर तक जलभराव की स्थित बनी हुई है। इसमें पनप रहे मच्छर डेंगू से लेकर मलेरिया बुखार का कारण बन रहे हैं। आलम यह है कि गत माह करीब 40 बुखार के मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हुई है। जबकि जनवरी से अब तक करीब 15 मरीज डेंगू के मिल चुके हैं। मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए मलेरिया विभाग ने लोगों को जागरूक कर घरों में गेंदा, रोजमेरी, सिट्रोनेला व तुलसी के पौधे लगाने के लिए कहा है, क्योंकि इन पौधों की गंध से मच्छरों का घरों में प्रवेश रुक जाता है।

मानसून का मौसम मच्छरों के पनपने के लिए मुफीद है, क्योंकि बरसात के दौरान घरों की छत से लेकर आस पास पानी इकठ्ठा होता है, जिनमें मच्छर पनपने लगते हैं। घर की छत पर जमा पानी में पैदा होने वाले मच्छर जहां डेंगू बुखार की वजह बनते हैं तो वहीं गंदे पानी में पनपने वाले मच्छर मलेरिया की। मच्छरों पर अंकुश लगाने के लिए मलेरिया विभाग तरह-तरह के जतन कर रहा है। इसमें फॉगिंग व एंटीलार्वा आदि का छिड़काव कराने के साथ तालाबों में गम्बूसिया मछली भी डलवाई जाती हैं। फिर भी मलेरिया और डेंगू बुखार कहर बरपाता है।

मलेरिया विभाग के पदाधिकारी बताते हैं कि मच्छरों से बचने के लिए शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें और घरों की बालकनी में गेंदा, तुलसी, रोजमेरी व सिट्रोनेला ग्रास लगाएं। यह पौधे मच्छरों को घर में घुसने नहीं देंगे।



रोजमेरी का पौधा।



गेंदा का पौधा।

### मच्छरों को घर से दूर रखने में पौधों की विशेषता

1. **रोजमेरी:** यह एक प्राकृतिक मॉस्किटो रिप्लीयन्ट है। इसके फूलों का रंग नीला होता है। इसकी तीखी गंध मच्छरों को दूर रखने में मदद करती है। इसकी सूखी पत्तियां जलाने से भी मच्छर भाग जाते हैं।
2. **सिट्रोनेला ग्रास :** सिट्रोनेला ग्रास मच्छरों को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है। यह दो मीटर तक बढ़ता है। सिट्रोनेला ग्रास डेंगू पैदा करने वाले एडीज एजिप्टी मच्छरों को भी घर से दूर रखने में कारगर है।
3. **गेंदा :** गेंदा के फूलों में पाई जाने वाली गंध मक्खी-मच्छरों को पसंद नहीं होती है। इसकी सुगंध सूंघने के बाद मच्छर वहां नहीं रुकते हैं। गेंदे के फूल न केवल मच्छरों को दूर भगाते हैं, बल्कि कुछ अन्य कीड़ों को भी दूर रखने में कारगर हैं।
4. **तुलसी:** हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे की पूजा होती है। तुलसी का पौधा मॉस्किटो (मच्छर रोधी) पौधा है। तुलसी से उठने वाली खुशबू से मच्छर दूर भागते हैं।

### जिले में मलेरिया के मिल चुके 150 से अधिक मरीज

जिले में दिन पर दिन मलेरिया बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जून तक 150 से अधिक बुखार रोगियों में मलेरिया और 15 में डेंगू बुखार की पुष्टि हो चुकी है। मलेरिया विभाग के पदाधिकारी बताते हैं कि सभी लोग घरों में पौधे लगाते हैं। अगर इनमें तुलसी, गेंदा आदि पौधे लगाए जाएं तो मच्छर घर के आसपास नहीं भटकेंगे, क्योंकि इन पौधों की तेज सुगंध मच्छरों को पसंद नहीं होती है। इससे यह घरों में नहीं जा पाते हैं।

### कारगर हैं कुछ पौधे



पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के प्रवक्ता आशुतोष प्रताप सिंह बताते हैं कि कई पौधे ऐसे हैं, जिसमें खासकर गेंदा, रोजमेरी, तुलसी एवं सिट्रोनेला घास मच्छरों को रोकने के लिए काफी हद तक कारगर हैं। इनमें सिट्रोनेला ग्रास से मच्छरों के लिए प्रयोग किए गए मच्छर रोधी ओडोमॉस, क्वाइल तैयार की जाती हैं। इस तरह के पौधों से निकलने वाली सुगंध मलेरिया और डेंगू के मच्छरों को पसंद नहीं होती है, इसलिए जिन घरों में यह पौधे लगे होते हैं वहां पर मच्छरों के पनपने की संभावना बहुत ही कम रहती है।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अभिषेक बने अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला इकाई का गठन रविवार को प्रदेश सचिव की मौजूदगी में हुआ। इसमें अभिषेक को अध्यक्ष एवं योगेश को मंत्री घोषित किया गया।

प्रदेश सचिव प्रांजल तिवारी की मौजूदगी में संगठन की बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता यूसुफ, मंडल अध्यक्ष दधीचि सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में चीफ फार्मेसी अधिकारी अखिलेश शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से अभिषेक कश्यप को जिलाध्यक्ष, योगेश मौर्य को जिलामंत्री, अमन कुमार को प्रवक्ता, मोहम्मद शाहफहेद अंसारी को जिला सचिव, कृष्ण कुमार को मीडिया प्रभारी, अनिल कुमार को संगठन मंत्री घोषित कर प्रमाण पत्र दिए। मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाने को कहा।



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# खतरे को दावत दे रहा गिरा हुआ बिजली का पोल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर में पटिहन जाने वाले मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय मोड़ पर नाले किनारे लगा एक विद्युत पोल कई दिन से गिरा पड़ा है। पोल गिरने से उसमें लगे तार जमीन के करीब लटकने लगे हैं, जिनमें करंट भी प्रवाहित हो रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। फुलवरिया, गजरौरा, ऐंठपुर, पटिहन आदि के आने-जाने वाले कई ग्रामीणों ने बताया कि नाले की सफाई के दौरान उसके किनारे लगा बिजली का पोल कई दिन हो गए हैं, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इसे ठीक नहीं कराया है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: 119/न.पा.परि.बी./2025-26 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 11.07.2025

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क (02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क) क अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत GST सहित (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | छोटे लाल के मकान से रोशन लाल के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 02 | 1867269.00 | 31700.00 | 2250.00 | 6 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 14.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 28.07.2025 को अपरान्ह 5 बजे होगा।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.07.2025 प्रातः 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 आई.एफ.एस.सी. ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकॉपी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: 118/न.पा.परि.बी./2025-26 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 11.07.2025

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 वां वित्त (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत GST सहित (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | फैजान की दुकान (सुभाष पार्क) से डॉ. बुन्दन की दुकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड 09, 18 | 3366678.00 | 57100.00 | 4000.00 | 6 माह |
| 02. | रजा मेडिकल (वाटर कूलर) से गाजी पाली क्लीनिक तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 25 | 3620740.00 | 61400.00 | 4300.00 | 6 माह |
| 03. | हरिशंकर गुप्ता के मकान से श्रीकान्त एवं उपेन्द्र कुमार के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 07 | 1203012.00 | 20400.00 | 1450.00 | 6 माह |
| 04. | गीता गायत्री मेडिकल स्टोर से राजकमल की दुकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 6 | 767962.00 | 13100.00 | 950.00 | 6 माह |
| 05. | शरीफ अहमद के मकान से डॉ. उमेश चन्द्र अग्रवाल एवं रिजवान के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य वार्ड नं. 17 | 1189774.0 | 20200.00 | 1450.00 | 6 माह |
| 06. | इदरीस के मकान से बड़ा चौराहा तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य वार्ड नं. 13/17 | 1282815.00 | 21800.00 | 1550.00 | 6 माह |
| 07. | इन्द्रिा पार्क से मौर्या फैशन प्वाइंट तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 1592084.00 | 27000.00 | 1900.00 | 6 माह |
| 08. | बाला जी कन्फैक्शनरी से पतंजली स्टोर पुलिया तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 3200389.00 | 54300.00 | 3800.00 | 6 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 14.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 28.07.2025 को अपरान्ह 5 बजे होगा।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.07.2025 प्रातः 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 आई.एफ.एस.सी. ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकॉपी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
(पीलीभीत)


# नदौआ के बनवारी का निकला ईख में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली मैगलगंज की पुलिस चौकी औरंगाबाद में चार दिन पहले मिले शव की पहचान हो गई है। शव थाना मैगलगंज के गांव नदौआ निवासी बनवारी का निकला। वह 4 जुलाई को घर से टहलने निकले थे। तभी से लापता थे। परिवार वालों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है।

औरंगाबाद चौकी पुलिस ने नौ जुलाई को एक गन्ने के खेत से युवक का शव बरामद किया था। शव की पहचान नहीं हो सकी थी। इस पर पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोरचरी पर रखवा दिया था। गांव नदौआ निवासी विष्णु कुमार ने मोरचरी पहुंचकर शव की पहचान अपने 30 वर्षीय भाई बनवारी के रूप में की है।

उन्होंने बताया कि उनका भाई चार जुलाई को घर से टहलने के लिए निकले थे, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचे। वह परिजनों के साथ भाई की तलाश कर रहे थे। मैगलगंज पुलिस ने उन्हें एक शव मोरचरी पर रखे होने की सूचना दी थी। इस पर वह अस्पताल पहुंचे और देखा तो शव भाई का निकला। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरिया विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत खजुरिया में मनरेगा/ आईसीडीएस/ग्राम निधि से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, सरिया, आयरन, खिड़की, दरवाजे, बिजली का सामान व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है आदि।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत खजुरिया में आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य | 12.00 लाख | मनरेगा/ आईसीडीएस/ग्राम निधि |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.07.2025 से 16.07.2025 दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 16.07.2025 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत दौली जवाहरलाल विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत दौली जवाहरलाल में मनरेगा/ आईसीडीएस/ग्राम निधि से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, सरिया, आयरन, खिड़की, दरवाजे, बिजली का सामान व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है आदि।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत दौली जवाहरलाल में आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य | 12.00 लाख | मनरेगा/ आईसीडीएस/ग्राम निधि |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.07.2025 से 16.07.2025 दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 16.07.2025 को दोपहर 2 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान सचिव

## कार्यालय
## क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
## शाहजहाँपुर।

संख्याः- 753/शास्त्रोक्त औषधि/2025-26 दिनांक- 09-07-2025

ई-निविदा-सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहाँपुर में शास्त्रोक्त आयुर्वेदिक औषधि (निर्मित औषधि) को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के परिशिष्ट-19 एवं राज्य सरकार द्वारा उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल, 2016 में ई-निविदा से सम्बन्धित सामान्य सिद्धान्त में निहित निर्देश के अनुसार रू0-30,00,000-00 (रूपया-तीस लाख मात्र) के अन्तर्गत दर अनुबन्ध के आधार पर आपूर्ति करने हेतु ऐसे अनुभवी एवं GMP धारक प्रतिष्ठित व्यापारियों (औषधि निर्माता) से ऑनलाइन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। जो निविदा दाता के पास विगत तीन वर्षों में समान प्रकृति की सामग्री आपूर्ति के कार्य का अनुभव होना चाहिये तथा केन्द्रीय जॉच ब्यूरो तथा किसी विभाग द्वारा बैन (प्रतिबन्धित) Black Listed (काली सूची) में शामिल नहीं होनी चाहिये। ऐसे निविदा दाता फर्म का गत तीन वर्षो से वाणिज्य कर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक है। फर्म का औसत टर्न ओवर विगत तीन वर्षो में निविदा लागत का न्यूनतम 30% या उससे अधिक होना चाहिये। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो एवं नियमों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। शास्त्रोक्त निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों की मात्रा अनुमानित रखी गयी है जो वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के सापेक्ष परिवर्तनीय हो सकती है।

1. निविदा प्रपत्र https://e-tender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. ऑनलाइन निविदा प्रकाशन की तिथि :-15-07-2025
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि व समय :-15-07-2025 सायं 05.00 बजे से।
4. ऑनलाइन निविदा भरने की प्रारम्भिक तिथि :-15-07-2025 सायं 05.00 बजे से।
5. ऑनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि व समय :-05-08-2025 सायं 5.00 बजे तक।
6. तकनीकी निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि व समय :-06-08-2025 अपरान्ह 03.00 बजे।
7. निविदा मूल्य जो वापस न होगा रू0-5,400.00 (रू0-पांच हजार चार सौ मात्र) (समस्त कर सहित) का डिमांड ड्राफ्ट जो निविदा भरने से पूर्व कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, मोहल्ला बंगश, निकट जनता इन्टर कालेज, शाहजहाँपुर के पदनाम से जमा कराकर कार्यालय में दिनांक-05-08-2025 समय सायं 05.00 बजे तक जमा कर रसीद प्राप्त करना आवश्यक है। अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
8. धरोहर धनराशि रू0-60,000-00 (रू0-साठ हजार मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ0डी0आर0 के रूप में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहाँपुर के पदनाम से बन्धक कराकर निविदा के साथ अपलोड करना होगा, तथा अर्नेस्ट मनी के रूप में एफ0डी0आर0 एवं निविदा फार्म शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में दिनांक दिनांक-05-08-2025 समय सायं 05.00 बजे तक कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शाहजहाँपुर में (व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर) उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उक्त एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट की मूलप्रति समयान्तर्गत प्राप्त न कराये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। विलम्ब की दशा में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
9. आपूर्ति स्थानः-एफ0ओ0आर0 कार्यालय-क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, मो0 बंगश निकट जनता इण्टर कालेज, शाहजहाँपुर। औषधियों की आपूर्ति जी0एम0पी0 मानक के अन्तर्गत स्वीकार की जायेगी। किसी भी दशा में पॉलीथीन की पैकिंग में आपूर्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।
10. निविदा की वैधताः-31-03-2026 तक मान्य होगी।
11. निविदा में उल्लिखित आईटमों की आपूर्ति के समय अनुमोदित लैब से लैब परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा जिसका व्यय सम्बन्धित फर्म द्वारा ही वहन किया जायेगा।

समस्त निविदायें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहाँपुर के कार्यालय में निश्चित तिथि एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश पड़ने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी एक या सम्पूर्ण निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। इस सम्बन्ध में कोई वाद स्वीकार नहीं होगा।

जिन फर्मो के सभी तकनीकी अभिलेख निविदा शर्तो के अनुसार सही व पूर्ण पाये जायेंगे उन्ही फर्मो के वित्तीय भाव पत्रों पर विचार किया जायेगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

UP - 235922 **दिनांक:** 11/07/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(डा0 सिराज अहमद अन्सारी)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
शाहजहाँपुर।


# थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा



पीस कमेटी की बैठक में कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर चर्चा करते एसओ अजीत कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता. सिंगाही

● **थानाध्यक्ष ने सभी को प्रदेश सरकार की गाइडलाइन से कराया अवगत**

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही परिसर में एसओ अजीत कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए आने-जाने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा आदि को लेकर चर्चा हुई। साथ ही होने वाली दिक्कतों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

रविवार को आयोजित बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि, डीजे ऑपरेटर, मंदिर के पुजारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उत्तम मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, दीपू गुप्ता, शिशिर गुप्ता, सभासद, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने सभी को प्रदेश सरकार की गाइडलाइन बताई और इसका पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं पर चर्चा की और कहा कि यात्रा के लिए रूट प्लान तैयार किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बैठक में शांति और सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। सभी समुदायों के प्रतिनिधियों ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### मामूली विवाद में महिला पीटा

**धौरहरा।** कोतवाली क्षेत्र के सिपाहीपुरवा अमेठी गांव निवासी रामबेटी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी के लड़के ने मेरे लड़के को पीटा। जब उलाहना देने गई, तो आरोपी सोबरन, सुनीता ने लाठी मारकर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# इनरव्हील क्लब की पारुल अध्यक्ष व रूपाली बनी सचिव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



इनरव्हील क्लब के समारोह में मौजूद नव निर्वाचित पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** इनरव्हील क्लब ऑफ लखीमपुर खीरी का रविवार को एक रेस्टोरेंट में अधिष्ठापन समारोह हुआ। इसमें पारुल श्रीवास्तव को क्लब अध्यक्ष एवं रूपाली शुक्ला सचिव और मधुरिमा मिश्रा को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। 10 समाजसेवियों ने नेत्रदान के लिए सहमति पत्र भी भरा।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिल्पी गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि दिव्या शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर संगठन की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए किए जा रहे कार्यों एवं प्रयासों की सराहना की। संगठन के पदाधिकारियों ने नेत्रदान अभियान एवं डोंट बाय एनीथिंग प्रोजेक्ट का आरंभ किया। नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए 10 लोगों ने नेत्रदान के लिए फॉर्म भरकर समाज सेवा का संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष नीरू बरनवाल, छाया गुप्ता, सरोज गुप्ता, मधुलिका त्रिपाठी, कीर्ति गुप्ता, आशा दीक्षित, कुसुम सिंह, रिशु सिंह, अलका वर्मा, पारुल पटेल व सुशीला सिंह आदि सदस्य मौजूद रहीं।

### नगर पालिका में पत्रकार के निधन पर जताया गया शोक

**गोला गोकर्णनाथ :** नगर के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. श्याम नारायण शुक्ला के लखनऊ में सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर पत्रकारों ने शोक जताया। नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की मौजूदगी में शोक सभा हुई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए और इस दु:ख की घड़ी में पारिवारिक जनों को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में सुरेंद्र शर्मा, रविसुत शुक्ला, मूलचंद भारद्वाज, लोकेश गुप्ता, कामता सिंह कुशवाहा, श्याम मोहन शुक्ला, अनंग वर्मा, विवेक दीक्षित, करन सिंह, होतीलाल रस्तोगी, सभासद नानकचंद वर्मा, राजेश वर्मा, शत्रुघ्न मिश्रा, रविंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।

# धारदार हथियार से किया हमला, पिता-पुत्र घायल

संवाददाता, बेहजम

● **घर में पानी गिरने से मना किया तो घर में घुसकर हमला, दो समुदायों के बीच का मामला होने के चलते गांव में तनाव**

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव के गांव अहिरी में घर में पानी गिराने से मना करने पर दूसरे समुदाय के तीन लोगों ने युवक और उसके पिता की घर में घुसकर लाठी-डंडों से पिटाई की। आरोप है कि धारदार हथियार से किए गए प्रहार से पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। दो समुदायों के बीच का मामला होने से गांव में तनाव है।

गांव अहिरी निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि गांव के ही बन्नू खां, शादाब खां और महताब खां उनके घर में पानी बहाने लगे। उन्होंने जब इसका विरोध किया तो आरोपी नाराज हो गए और गाली गलौज करने लगे। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट होने लगी। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी और उसके पिता गोवर्धन लाल की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। बंका मारकर दोनों को घायल कर दिया। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग आ गए और विरोध किया। इस पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। आरोपियों के हमले से अरविंद के सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। वहीं गोवर्धन लाल के हाथ की दो उंगलियां फ्रैक्चर हो गईं। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से बेहजम सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने घायल अरविंद की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## 90 हजार रुपये व पांच लाख के जेवर चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव नौरंगपुर निवासी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात वह परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। घर का मेन दरवाजा अंदर से बंद था। रात में चोर खिड़की तोड़कर घर में घुस आए। कमरों के अंदर रखी लोहे की अलमारियों को तोड़ दिया। उसमें रखे 90 हजार रुपये, करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, कीमती कपड़े, बर्तन आदि सामान चोरी कर भाग निकले। सुबह जब वह लोग उठकर नीचे आए तो कमरे में बिखरा सामान और टूटी अलमारियां देखी। तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। चोरी की वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पाकर यूपी 112 व ईसानगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म छिपाया

## कार्यवाहक एसओ, दीवान व सिपाही लाइन हाजिर, अधिकारियों को सूचना न देने पर एसपी की कार्रवाई

**संवाददाता, मझगईं**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले की सूचना पुलिस अधिकारियों को न देना और घटना को छुपाए रखने पर एसपी संकल्प शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कार्यवाहक थाना प्रभारी, दीवान और एक सिपाही को लाइन हाजिर किया है। इससे रविवार को पूरे थाने में हड़कंप मचा रहा।

थाना क्षेत्र में चार साल की बच्ची शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे खेलते-खेलते गांव के बाहर गन्ने के खेत की तरफ पहुंच गई थी। रास्ते में ही गांव के 17 साल के किशोर ने उसे बहला लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। इससे बच्ची की हालत अधिक बिगड़ गई। रक्तस्राव देख किशोर बच्ची को गंभीर हालत में खेत में छोड़कर भाग निकला था।

खून से लथपथ बच्ची रोते-बिलखते किसी तरह अपने घर पहुंची और मां को घटना बताई। बच्ची की हालत देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और बच्ची को उसके परिजन के साथ सीएचसी पलिया ले गई, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में कोई सुधार न होने पर उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इतना सब कुछ होने के बाद भी कार्यवाहक एसओ उपनिरीक्षक कमरुद्दीन ने घटना की जानकारी सीओ से लेकर एसपी तक को नहीं दी और घटना को छुपाए रहे।

> कार्यवाहक एसओ ने घटना की जानकारी अफसरों को नहीं दी थी, जो काफी गंभीर बात है। एसपी ने कार्यवाहक एसओ, दीवान और एक हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया है। बच्ची की सेहत में सुधार होना बताया गया है।
> **-यादवेंद्र सिंह सीओ पलिया**

शनिवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया, तब अधिकारियों को मामले की जानकारी हुई। मासूम बच्ची के साथ जघन्य वारदात की जानकारी जब एसपी संकल्प शर्मा को हुई तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। घटना की सूचना अफसरों को न देने और उसे छुपाए रखने पर कार्यवाहक एसओ को कड़ी फटकार लगाई। एसपी ने कार्यवाहक एसओ कमरुद्दीन, दीवान मोहम्मद अली और हेड कांस्टेबल गेंदालाल को लाइन हाजिर कर दिया है।

### दो निरीक्षक बदले, तीन दरोगाओं को मिली तैनाती

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एसपी संकल्प शर्मा ने दो अपराध इंस्पेक्टरों को इधर से उधर किया है। इसके साथ ही पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत तीन दरोगाओं को थानों में तैनाती दी है। एसपी ने बताया कि थाना खीरी के अपराध निरीक्षक इंसाफ अली को इसी पद पर थाना शारदानगर भेजा गया है। थाना चंदन चौकी के अपराध निरीक्षक आलोक कुमार अब मझगईं थाने के अपराध निरीक्षक होंगे। इसके अलावा पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत एसआई गौरव सिंह, विजेंद्र कुमार पासवान और सुनील कुमार को कोतवाली गोला भेजा है।

### बच्ची की हालत नाजुक

दुष्कर्म पीड़ित बच्ची का इलाज लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिवार वालों ने बताया कि बच्ची की हालत अभी ठीक नहीं है। उसका इलाज चल रहा है। उधर घटना के बाद से ग्रामीणों में आरोपी के खिलाफ काफी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना के बाद उन्हें अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगी है। उन्हें स्कूल भी भेजने में अब परिजन घबराने लगे हैं।

## बस्ती हाईवे पर दो ट्रक भिड़े, एक के चालक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बेडनापुर के पास रविवार की तड़के दो ट्रकों में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। वह मुरादाबाद जिले का रहने वाला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सुबह करीब चार बजे मुरादाबाद जिले के थाना भोजपुर क्षेत्र के मोहल्ला गनीमत नगर कॉलोनी निवासी कल्बे अली का पुत्र आलम (28) अपने साथी स्वीपर आशिफ के साथ शनिवार की रात ट्रक में माल लोडकर गुहावटी (आसाम) जाने के लिए निकला था। रविवार की अलसुबह खीरी जिले से सटे पीलीभीत बस्ती मार्ग नेशनल हाईवे-730 बेड़नापुर के पास पहुंचा था। तभी सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में आलम की मौत हो गई, जबकि उसके साथी आसिफ को हल्की-फुल्की चोट आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### महिलाओं को झांसा देकर कुंडल व नकदी ले गए ठग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** नीमगांव के बेहजम निवासी अमन की पत्नी आलिया अपनी मां के साथ अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए अनुपम नर्सिंग होम आईं थी। दोनों मां-बेटी अस्पताल के पास खड़ी थीं। इसी दौरान एक युवक आया और उनसे बातें करने लगा। इस बीच उसका दूसरा साथी भी आ गया। दोनों बातें करते हुए दोनों महिलाओं को सड़क के दूसरी ओर ले आए। महिलाओं से हाल चाल जानने के बाद उन्हें बच्चे के ठीक स्वस्थ होने का झांसा देकर पहले उनके कुंडल उतरवाए और फिर 151 कदम आगे चलने की बात कही। महिलाओं ने कुंडल पर्स में रखकर उचक्कों के हाथ में दे दिए। कुछ देर बाद दोनों ठग पर्स लेकर भाग गए। पर्स में 2500 रुपये भी थे। सूचना पर महज चंद मिनटों के बाद महिलाओं ने घूमकर देखा तो उचक्के गायब थे। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### पेड़ काटने से रोका तो महिला को पीटा

**धौरहरा, अमृत विचार :** थाना ईसानगर के गांव भरेहटा अदलीशपुर में एक महिला वे अपने खेत में लगे पेड़ काटने से रोका तो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। गांव भरेहटा अदलीशपुर निवासी मीना देवी पत्नी पिंगला प्रसाद ने बताया कि उसके खेत में लगे सेमल के पेड़ आरोपी काटने लगे जब मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा, जिससे काफी चोटे आई है। पुलिस ने घायल महिला की तहरीर पर आरोपी रामविलास, धर्मपाल, राजेश और शिव कांती पत्नी रामविलास के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फ्लड पीएसी ने शारदा नाले से बरामद किया युवक का शव

**धौरहरा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बसंतापुर गांव निवासी श्यामू (20) शनिवार की दोपहर खमरिया थाना क्षेत्र के चिकनाजती गांव के पास शारदा नाले में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में बह गया। सूचना पर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई, लेकिन कोई पता न चल सका। मौके पर पहुंचे विधायक विनोद शंकर अवस्थी और एसडीएम शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य विशाल ने फ्लड पीएसी टीम बुलाकर खोजबीन कराई। रविवार को पीएसी फ्लड टीम ने डूबे युवक का शाम करीब चार बजे शव बरामद कर लिया। तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया कि शव बरामद हो चुका है।

### दो दिन से लापता युवक का खेत में मिला शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** घर से दो दिन से लापता एक 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव गांव किनारे गन्ने के खेत में बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि मृतक बीरबल (40) पुत्र हरिनाम मूलत: धौरहरा के जगतापुर गांव का रहने वाला था। कई सालों से वह शारदानगर के पसियनपुरवा चमेली निवासी अपने बहनोई रामसागर के घर पर रह रहा था। मृतक के भांजे त्रिवेणी के मुताबिक उसके मामा बीरबल शुक्रवार को नशे की हालत में घर से निकले थे। रात भर नहीं आए। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले थे। रविवार दोपहर गांव किनारे एक गन्ने के खेत में शव मिला। मृतक अविवाहित था और काफी नशा करता था। प्रभारी निरीक्षक शारदानगर मनोज कुमार ने बताया कि शव मिला है। अत्यधिक नशे से मौत की बात लग रही है।

### आम के बाग में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव त्रिकौलिया निवासी 30 वर्षीय अनीस उर्फ भुट्टू का शनिवार की शाम करीब छह बजे घर से निकला था। देर रात तक वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। रिश्तेदारों में भी पता किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। रविवार की सुबह खेतों की ओर गांव के लोग गए, तो देखा कि आम की बाग में आम के पेड़ से अनीस का शव लटक रहा था। गांव के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इससे परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

**मैगलगंज, अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस ने छापा मारकर दो लोगों को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 12 हजार रुपये की नगदी भी बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए खखरा निवासी जागन और अलियापुर निवासी रिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## शिक्षक पर पत्नी ने लगाया जहर खिलाने का आरोप

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- पति समेत छह के लोगों खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** शहर से सटे गांव सलेमपुर के मोहल्ला गोविंदनगर निवासी महिला ने अपने पति व अन्य ससुरालीजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि 10 लाख रुपये नकद की मांग पूरी न होने पर उसे व ससुराल के अन्य लोग मारपीट कर प्रताड़ित करते हुए कई दिनों भूखा-प्यासा रखा। जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला गोविंदनगर निवासी सारिका अवस्थी ने बताया कि उसकी शादी 18 जनवरी 2025 को मोहल्ला बीनापुरम निवासी प्रसून शुक्ला उर्फ ईलू के साथ हुई थी। पति प्रसून निघासन जिला पंचायत इंटर कॉलेज में शिक्षक है। वह विदा होकर ससुराल गई तो कम दहेज का ताना देते हुए पति, ससुर भुवनेश्वर शुक्ला, सास सुषमा शुक्ला, जेठ प्रशांत शुक्ला, देवर प्रभात शुक्ला और सीतापुर जिले के थाना तालगांव के गांव मुबारकपुर निवासी नंदोई सुमित अवस्थी 10 लाख रुपये की मांग कर उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। उसने मोबाइल पर कॉल कर अपने पिता विमलेश अवस्थी को पूरी जानकारी दी। पिता कुछ लोगों को लेकर उसकी ससुराल आए और

> पीड़ित महिला की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। जांच जेल गेट चौकी इंचार्ज को सौंपी गई है। प्रकरण में कार्रवाई की जा रही है।
> **-हेमंत राय,** शहर कोतवाल

पति व अन्य ससुरालीजनों को समझाया, लेकिन वह नहीं माने। पिता के जाने के बाद नाराज होकर उसे जमकर मारापीटा और कमरे में बंद कर दिया। कई दिनों खाना-पानी नहीं दिया। इससे वह अत्यधिक बीमार हो गई। उसका सही ढंग से इलाज न कराकर जान से मार देने की नीयत से कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी हालत और अधिक खराब होने लगी। रुपये न मिलने पर उसे रास्ते से हटाने और दूसरी शादी करने की बात करने लगे। पीड़िता ने इसकी खबर अपने पिता को पहुंचाई। इस पर भाई आशुतोष और पिता एक जुलाई को घर आए। आरोपियों ने उसे पहने हुए कपड़े में ही जबरन भाई और पिता के साथ भेज दिया। लौटकर कोई सुधि नहीं ली। पिता ने उसे अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टर ने बताया कि कोई जहरीली चीज खाने से उसका लीवर डैमेज हुआ है। वह चल फिर नहीं पा रही है। ससुराल वाले उसके पिता और भाइयों की गाड़ाबंदी करते हैं। फोन पर भी जान माल की धमकी देते हैं। पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# एक साल पहले प्रेम विवाह, अब ममता का गला घोंटा

**कातिल मां**

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- पहली पत्नी के आत्मदाह करने के बाद दिल्ली मजदूरी करने गया था धूप सिंह
- प्रतापगढ़ जिले के कुसुम के चाचा बंशी से दोस्ती होने पर घर आना-जाना हो गया

**अमृत विचार:** एक माह की बेटी को तालाब में डूबोकर मार डालने वाली कुसुम की कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव खेतरहा निवासी धूप सिंह से एक साल पहले दिल्ली में मुलाकात हुई थी। दोनों ने नजदीकियां बढ़ने पर प्रेम विवाह कर लिया था और गांव आकर रहने लगे थे। एक महीने पहले ही बेटी मानवी का जन्म हुआ था। पति से विवाद में कुसुम ने अपनी ही औलाद को बेरहमी से मार डाला।

गांव खेतहरा निवासी धूप सिंह की पहली शादी 13 साल पहले गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव बुधौली से हुई थी, लेकिन 2023 में पहली पत्नी ने आत्मदाह कर ली थी। उससे एक 12 साल की बेटी मधु है। पत्नी की मौत के बाद धूप सिंह दिल्ली मजदूरी करने चला गया। परिवार वालों ने बताया कि वहां प्रतापगढ़ जनपद के गांव भटौरा



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़ व जांच करने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

निवासी बंशी से उसकी दोस्ती हो गई। धूप सिंह बंशी के घर प्रतापगढ़ आने-जाने लगा। इस बीच बंसी की भतीजी से धूपसिंह के संबंध हो गए। दोनों में काफी नजदीकियां बढ़ गईं।

इसके बाद कुसुमा देवी भी दिल्ली आ गई और दोनों ने कोर्ट में प्रेम विवाह कर लिया और एक साथ रहने लगे। पिछले साल दीपावली पर दोनों गांव खेतहरा त्योहार मनाने आए थे, लेकिन बाद में वापस नहीं गए और गांव में ही रहने लगे। नौ जून 2025 को कुसुमा देवी ने एक बच्ची को जन्म दिया, जिसका नाम मानवी रखा। पहली बच्ची होने के कारण मानवी को दंपती काफी दुलार रहे थे, लेकिन कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच हुई अनबन ने बच्ची की जान ले ली। जिस मां ने उसे अपनी कोख में नौ माह पाला। उसी ने पानी में डूबो-डूबो कर निर्दयता से उसकी हत्या कर दी। इस बात की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो लोग अवाक रह गए। एक मां अपनी अबोध बच्ची की इस तरह से निर्मम हत्या कर देगी। इसका किसी को अंदाजा ही नहीं था।

### अपने किए पर पश्चाताप कर रही कुसुम

अपनी एक माह की मासूम बेटी की हत्या करने वाली कुसुम देवी को हर कोई कोस रहा है। कुसुम देवी को भी अपने किए पर पछतावा है। उसने पुलिस को शुरुआती पूछताछ में बताया कि जब से वह प्रेम विवाह करने के बाद गांव खेतहरा आई उसके पति का स्वभाव बिल्कुल बदल गया। आए दिन पति धूप सिंह उसे मारता-पीटता था। सारे गहने छीन लिए थे और घर से निकाल दिया था। पति को सबक सिखाने के लिए उसने अपनी मासूम बेटी की तालाब में डूबो कर हत्या कर दी। अब उसे अपने किए पर पछतावा हो रहा है।

# सीनियर छात्र ने की थी अनुराग की हत्या

**संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर**

- आरोपी लखीमपुर खीरी निवासी रामलखन गिरफ्तार, खून से सना लोअर और चटाई बरामद

**अमृत विचार :** रुद्रपुर स्थित गुरुकुल महाविद्यालय में 13 वर्षीय छात्र अनुराग यादव की हत्या का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्यारोपी छात्र रामलखन को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि सोने की जगह को लेकर हुए विवाद में अनुराग को मौत के घाट उतार दिया।

घटना 7-8 जुलाई की रात की है। आरोपी रामलखन (18 वर्ष) लखीमपुर खीरी के रोहनिया गांव का रहने वाला है। गुरुकुल में नौ माह से रह रहा था। उस रात यज्ञशाला में वह अपने साथी सुधांशु के साथ चटाई पर लेटा था। कन्नौज के थाना छिबरामऊ के गांव रामखेड़ा निवासी अनुराग भी पास में सोया था। मच्छरदानी फटी होने के कारण रामलखन और शिवाराज ने रात 11 बजे तक सिलाई की, फिर सभी अपने स्थान पर सो गए। रामलखन ने पुलिस पूछताछ में बताया कि अनुराग ने उसी जगह



पुलिस हिरासत में आरोपी रामलखन। ● अमृत विचार

चटाई पर सोने से मना कर दिया और अपशब्द भी कहे। यह बात रामलखन को नागवार गुजरी कि उसने उसी समय अनुराग को मारने की योजना बना ली। रात करीब 3:30 बजे जब पूरा परिसर नींद में था, तब रामलखन उठा और सीधे अनुराग के पास गया और उसके सिर पर जोरदार लात मारी, फिर गर्दन दबाकर कानों के पास घूंसे मारे। अनुराग बेहोश हो गया और नाक व मुंह से खून बहने लगा। रामलखन ने तुरंत खून से सना अपना लोअर बक्से में छिपा दिया और दूसरा लोअर पहन लिया, ताकि शक न हो।

> गुरुकुल महाविद्यालय में छात्र अनुराग के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत चोटों के कारण हुई थी। पुलिस टीम ने घटना का खुलासा कर दिया है। आरोपी रामलखन को गिरफ्तार कर लिया है। उसने घटना का जुर्म कबूल कर लिया है। अनुराग से चटाई पर सोने को लेकर विवाद हुआ था। उसने अनुराग की हत्या कर दी थी। खून से सना लोअर बरामद कर लिया है। **-राजेश द्विवेदी,** एसपी

## शादी का दबाव बना रहे शोहदे ने बहनों से की छेड़छाड़

**संवाददाता, धौरहरा**

**अमृत विचार:** खमरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने बताया कि आरोपी सहाबू निवासी जेठरा काफी समय से उसका और उसकी छोटी बहन का पीछा करते हुए अश्लील हरकतें करता है। घर वालों पर जबरन शादी करने का दबाव डाल रहा था। पीड़िता जब अपनी बहन के साथ खेत पर जा रही थी तभी आरोपी ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। जब विरोध किया तो उसे जमीन पर पटक कर मारा पीटा। इस दौरान बहन से भी अश्लील हरकत करते हुए गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## हरिद्वार जा रहे कांवड़िए की सड़क हादसे में मौत


**मुजफ्फरनगर:** छपार थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर बधेरी चौक के पास एक मोटरसाइकिल से जा रहे तीन कांवड़ियों के वाहन को सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। उनके मुताबिक, इस हादसे में अमित (35) नामक कांवड़िए की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठे अमन और अभिषेक घायल हो गए। वह लोग गंगाजल लेने के लिए शाहजहांपुर जनपद से हरिद्वार जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे में अमन और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-11.59 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 06.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष:** आज आपको कुछ समय अकेले रहते हुए आत्ममंथन करना चाहिए। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में ताजगी आयेगी। सरकारी कार्यों में आपको सफलता देर से मिलेगी।

**वृष:** आज राजनीति और न्यायिक सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। कठिन परिस्थितियों का आसानी से सामना करेंगे। छोटी-मोटी यात्राओं का योग बनेगा। अपने परिवार को पर्याप्त समय देंगे। अच्छे कामों को रोकना आपके लिए उचित नहीं है।

**मिथुन:** आज आप आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इन्श्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी।

**कर्क:** आज कार्य के प्रति तल्लीनता आपको विरोधियों से काफी दूर ला खड़ा करेगी। उद्योग जगत के लोगों के कारोबार में आंशिक वृद्धि के योग हैं। जीवनस्तर को बढ़ाने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें।

**सिंह:** आज जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। मौसम की प्रतिकूलता का असर आपके स्वास्थ्य के ऊपर पड़ सकता है।

**कन्या:** आज आप अपने पार्टनर को भरपूर समय देंगे। चाहे वह व्यापारिक संबंध हो या जीवनसाथी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आपकी बौद्धिक क्षमता का भी उत्तम विकास होगा। अनैतिक विचारों का प्रभाव आपके ऊपर पड़ सकता है।

**तुला:** आज आप तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। काम के प्रति अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संबंधों को विवाह में बदल सकते हैं। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है।

**वृश्चिक:** आज आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रोजगार में आशातीत लाभ प्राप्त होगा। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु:** आज आप लोगों के विश्वस्त व्यक्ति के रूप में रहेंगे। कारोबार में नए अनुभव मिलेंगे। जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ सकते हैं। रिश्तों को आनन्ददायी बनाने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लायेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

**मकर:** आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नजदीकी लोग शत्रुओं जैसा व्यवहार करेंगे। यदि विवाह करना चाह रहे हैं तो परिवार को विश्वास में अवश्य लें।

**कुंभ:** आज उच्चाधिकारी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे। आपको उच्च राजनीतिक पद मिल सकता है। सहकर्मियों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। रोमान्टिक जीवन को समय देना पड़ेगा।


**मीन:** आज अपनी छुपी हुई ऊर्जा को पहचानेंगे। धैर्य से काम लेना आपके लिए हितकर होगा। आपका मन शांत रहेगा। वरिष्ठ लोग आपके कार्य से प्रसन्न होंगे। आपके तर्कों से लोग संतुष्ट रहेंगे। अपनी समस्याओं का वास्तविक हल ढूंढ लेंगे।

## वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।
5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।
8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।
9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश; न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।
10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड
11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

**ऊपर से नीचे**



1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।
2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।
4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।
5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है
6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।
7. खनखन करने वाली चीज़।

### वर्ग पहेली -30 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| | | | | | ट | |
| 3 सिं | | 4 छु | | | क | |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | | 7 खुं |
| त | | मु | | 8 चा | फं | द |
| | 9 पि | न | पि | न | | का |
| | | | | | | र |

## सुडोकू -38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 3 | | | 8 | | 7 | 9 |
| | 9 | | 6 | | | 3 | | |
| 2 | | | 9 | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 5 | | 1 | |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 3 | 2 |
| 1 | | | 3 | | | 7 | | |
| | 5 | | | 8 | | | 6 | |
| 7 | | | 1 | | | 4 | | 3 |
| | | 1 | | | 4 | | 2 | |

### सुडोकू - 37 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 |

# वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने 'लिविंग रूट ब्रिज' के लिए यूनेस्को की मान्यता के प्रयासों का किया समर्थन

शिलांग, एजेंसी


मेघालय के सीज गांव में जीवित जड़ों से बने पुल का दौरा करतीं निर्मला सीतारमण।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले के 'लिविंग रूट ब्रिज' को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने के प्रयासों के प्रति पुरजोर समर्थन व्यक्त किया है। सीतारमण ने मान्यता के लिए नामांकन को बहाल करने और सामुदायिक सहभागिता एवं अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से प्रस्ताव को मजबूत करने के लिए हाल में जमीनी स्तर पर हुई प्रगति की सराहना की। 'लिविंग रूट ब्रिज' ऐसा पुल होता है, जो पेड़ों की जड़ों से तैयार किया गया जाता है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक मान्यता न केवल पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करेगी, बल्कि दूसरों को स्थानीय ज्ञान पर आधारित स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। शनिवार को सीज गांव में लिविंग रूट ब्रिज की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि मान्यता दिखावे के लिए नहीं, बल्कि दुनिया को यह दिखाने के लिए है कि आपने यह काम पहले किया था। आपके तरीके न केवल प्रभावी हैं, बल्कि उन्हें दोहराया भी जा सकता है।

खासी और जयंतिया समुदायों द्वारा पीढ़ियों से हस्तनिर्मित ये प्राकृतिक, जैव-इंजीनियरिंग संरचनाएं प्रकृति और मानवीय नवाचार के बीच एक दुर्लभ सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये पुल ज्यादातर मेघालय के दक्षिणी ढलानों पर बांग्लादेश सीमा की ओर पाए जाते हैं। मेघालय ने पहली बार 2018 में यूनेस्को को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें 'लिविंग रूट ब्रिज' को सांस्कृतिक परिदृश्य की श्रेणी के तहत विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया गया था। राज्य सरकार और संरक्षण विशेषज्ञों द्वारा समर्थित इस प्रस्ताव में इन जीवंत संरचनाओं के पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला गया। हालांकि, प्रक्रियागत आवश्यकताओं, व्यापक दस्तावेज़ीकरण के अभाव और विरासत मानचित्रण प्रक्रिया में समुदाय-नेतृत्व वाली अधिक भागीदारी की आवश्यकता के कारण नामांकन में देरी हुई।

### केंद्रीय वित्तमंत्री ने ईस्ट खासी हिल्स जिले के गांव सोहबर का भी किया दौरा

केंद्रीय वित्त मंत्री ने गांव के बुजुर्गों, स्थानीय नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए भुगतान (पीईएस) कार्यक्रम के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। पीईएस कार्यक्रम विश्व बैंक, केएफडब्ल्यू और एडीबी द्वारा समर्थित एक पहल है, जिसका उद्देश्य यह समझना है कि किस प्रकार मूल समुदायों द्वारा पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान को संरक्षित और नवप्रवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने ईस्ट खासी हिल्स ज़िले के सीमावर्ती गांव सोहबर का भी दौरा किया। वित्त मंत्री ने कहा, "सोहबर जैसे सीमावर्ती गांव भारत का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत हैं।" सोहबर मेघालय के उन 92 गांवों में से एक है जिन्हें 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के दूसरे चरण के तहत चुना गया है। वित्त मंत्री रविवार को सोहरा स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल के दौरे के बाद मेघालय की अपनी चार दिवसीय यात्रा का समापन करेंगी।

# निर्वाचन आयोग हमेशा मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है : कपिल



- बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण को लेकर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग हमेशा से मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक असंवैधानिक कदम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यकवादी सरकारें सत्ता में बनी रहें।

पूर्व कानून मंत्री ने आरोप लगाया कि प्रत्येक निर्वाचन आयुक्त इस सरकार के साथ मिलीभगत करने में एक-दूसरे से आगे रहता है। बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के पास नागरिकता के मुद्दों पर फैसला करने का अधिकार नहीं है।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि 22 वर्षों के बाद हो रहे इस पुनरीक्षण से मतदाता सूची से अपात्र लोगों, डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाया जाएगा तथा कानून के अनुसार मतदान के पात्र लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग पर विपक्ष के हमले के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से यह (निर्वाचन आयोग) लंबे समय से सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है।

### मानसून सत्र में कांग्रेस की रणनीति को अंतिम रूप देने को सोनिया गांधी ने बुलाई 15 जुलाई को बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के वास्ते मंगलवार को अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगी। संसद के मॉनसून सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है क्योंकि कांग्रेस सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की योजना बहा रही है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के कदम पर कड़ी आपत्ति जता सकते हैं। वहीं, कांग्रेस पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की मांग भी करती रही है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता पतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## एक नजर

### ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के पिपरा इलाके में 50 वर्षीय ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात शेखपुरा गांव में तब हुई जब कुमार खेत में काम कर रहे थे। मसौढ़ी के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ-2) कन्हैया सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने खेत से गोलियों की आवाज सुनी और जब वे वहां गए तो अधिकारी अचेत हालत में मिले।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अनंतनाग जिले में कथित तौर पर मादक पदार्थ तस्करी गिरोह चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी श्रीनगर जोन ने पूर्व आतंकवादी सहित दो प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ दक्षिण कश्मीर में चल रहे मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

### नशीले पदार्थ के साथ इन्फ्लुएंसर गिरफ्तार

**जालोर।** इंस्टाग्राम की इन्फ्लुएंसर को नशीले पदार्थ के साथ राजस्थान में जालोर के चितलवाना इलाके में रविवार को गिरफ्तार किया गया। भवरी उर्फ भाविका को नशीला पदार्थ लेकर बाडमेर से गुजरात जाते समय पकड़ा गया था। उसके पास से 150 ग्राम से अधिक 'एमडी' (मेफेड्रोन) बरामद हुआ।

# दिल्ली में कांवड़ मार्ग पर कांच के टुकड़े मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीसीटीवी फुटेज की जांच कर पता लगाने की हो रही कोशिश

दिल्ली पुलिस ने शाहदरा के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) और झिलमिल कॉलोनी इलाकों में सड़कों पर टूटे हुए कांच के टुकड़े बिखरे पाए जाने के बाद मामला दर्ज किया है। ये दोनों इलाके कांवड़ यात्रा मार्ग पर हैं।

अधिकारियों के मुताबिक रविवार को सीसीटीवी फुटेज की जांच हो रही है ताकि पता लग सके कांच किसी क्षतिग्रस्त वाहन का था या बदमाशों ने फेंका था। सीमापुरी पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। यह घटना तब प्रकाश में आई, जब दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह मामला उठाया। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि कार्रवाई होगी। इसके बाद क्षेत्र में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया और उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्लाईओवर के पास तथा आसपास के कांवड़ शिविरों में गश्त की।

# जांच को नौ सदस्यीय एसआईटी गठित

## आईआईएम-कलकत्ता में दुष्कर्म का मामला

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय प्रबंध संस्थान-कलकत्ता में एक विद्यार्थी के महिला से दुष्कर्म करने के मामले की जांच को पुलिस ने नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस दल का नेतृत्व दक्षिण-पश्चिमी प्रभाग के एक सहायक आयुक्त कर रहे हैं। घटना शुक्रवार को आईआईएम-कलकत्ता के छात्रावास की है। आरोपी विद्यार्थी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां की एक अदालत ने विद्यार्थी को 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### महिला के पिता का दावा ऐसी कोई घटना नहीं हुई

पीड़ित महिला के पिता ने कहा कि वहां ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इस दावे के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। महिला के पिता ने कहा कि उनकी बेटी को एक दुर्घटना में यह सब चोटें आई हैं। मुझे शुक्रवार को रात 9.40 बजे बेटी का फोन आया। उसने बताया कि वह गाड़ी से गिर गई और बेहोश हो गई, साथ ही उसे चोट भी लगी है। बाद में मुझे पता चला कि वह एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती है। मेरी बेटी द्वारा मुझे बताए गए विवरण के अनुसार, पुलिस जो दावा कर रही है वैसा कुछ भी नहीं हुआ है।

### छात्रों की चिंताओं को दूर करने को उठा रहे कदम

भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता ने रविवार को कहा कि वह अपने परिसर में महिला के यौन उत्पीड़न के मद्देनजर छात्रों के साथ बातचीत कर रहा है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठा रहा है। आईआईएम-कलकत्ता ने कानूनी कार्यवाही का हवाला देकर विवरण साझा करने से इनकार कर दिया है।

## भारत का नियाग्रा


मानसून के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित चित्रकोट जलप्रपात अपनी पूर्ण भव्यता में नजर आया। इसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है, यह इन दिनों पर्यटन का केंद्र बना हुआ है। एजेंसी

# खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत गंभीर

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के बालासोर स्थित कॉलेज परिसर में कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगाने वाली 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की हालत बेहद गंभीर है और वह 95% तक झुलस गई है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि छात्रा को शनिवार को एम्स में भर्ती कराया गया था और 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पीड़िता की हालत में सुधार नहीं है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने कहा, पीड़िता के शरीर का 95% हिस्सा झुलस गया है। उसके गुर्दे और फेफड़े भी प्रभावित हैं। वह वर्तमान में आईसीयू में है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सरकार छात्रा के लिए बेहतर इलाज सुनिश्चित कर रही है। अस्पताल प्रशासन ने उसकी हालत को बेहद गंभीर बताया है।

### एनसीडब्ल्यू ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

यौन उत्पीड़न की घटना के बाद कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा। बालासोर में कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह को बेहद परेशान करने वाली घटना बताते हुए, आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने ओडिशा के डीजीपी से निष्पक्ष और समयबद्ध'' तरीके से जांच सुनिश्चित करने को कहा है।

### राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

ओडिशा विस में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने बालासोर कॉलेज में छात्रा द्वारा आत्मदाह के प्रयास को बेहद दुखद बताया और रविवार को राज्यपाल से हस्तक्षेप कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। पटनायक ने एक्स पर कहा, ओडिशा में छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश दुखद है। प्राचार्य को लिखे पत्र में छात्रा ने कहा था कि उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, उसे बचा लिया गया था।

# नई विशेष पीएमएलए अदालतें मुकदमों में तेजी लाएंगी : ईडी

- तेलंगाना में 16 और राजस्थान में पांच विशेष अदालतें अधिसूचित

**नई दिल्ली।** ईडी ने रविवार को कहा कि विभिन्न राज्यों में विशेष पीएमएलए अदालतों की हालिया अधिसूचना से धनशोधन के मामलों की सुनवाई में काफी तेजी आएगी। संघीय एजेंसी ने कहा, तेलंगाना में अब कुल 16 विशेष अदालतें अधिसूचित की गई हैं, जिनमें विशाखापत्तनम के लिए दो अदालतें हैं।

राजस्थान में ऐसी अदालतों की संख्या एक (पहले केवल जयपुर में थी) से बढ़ाकर पांच कर दी गई है, जिसमें जोधपुर के लिए एक अदालत भी शामिल है। ईडी के अनुसार, उन राज्यों में अदालतों को अधिसूचित किया गया है, जहां ऐसे न्यायिक मंचों की संख्या अपर्याप्त थी, जिसके कारण मुकदमे की कार्यवाही में विलंब हो रहा था। बयान में कहा गया है, इन विशेष अदालतों के जुड़ने से प्रवर्तन निदेशालय पीएमएलए मामलों में कार्यवाही में उल्लेखनीय तेजी ला सकेगा।

# मराठी विरोधी टिप्पणी पर शिवसेना (उबाठा) ने की ऑटो चालक से मारपीट, वीडियो वायरल

पालघर, एजेंसी

- पुलिस ने कहा- अब तक शिकायत नहीं मिली, इसलिए मामला दर्ज नहीं हूआ है

महाराष्ट्र के पालघर जिले में ऑटो चालक से शिवसेना (उबाठा) कार्यकर्ताओं द्वारा मराठी विरोधी टिप्पणी के लिए मारपीट करने का वीडियो सामने आया है, जिससे राज्य में भाषा के मुद्दे पर विवाद और बढ़ गया है।

पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने वीडियो देखा है, लेकिन इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है, इसलिए कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। शिवसेना (उबाठा) के स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया कि ऑटो चालक को सबक सिखाया गया है और कहा कि मराठी भाषा और राज्य का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पालघर के विरार इलाके में रहने वाले प्रवासी ऑटो चालक ने मराठी भाषा, महाराष्ट्र और मराठी प्रतीकों के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो भी पहले वायरल हुआ था, जिस पर सोशल मीडिया और स्थानीय राजनीतिक समूहों ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी थीं। शनिवार को सामने आए नए वीडियो में देखा गया कि शिवसेना (उबाठा) का समूह, जिसमें महिलाएं भी थीं, व्यस्त सड़क पर चालक को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहा है, बाद में उसे उस व्यक्ति और उसकी बहन से माफी मांगने को कहा गया। घटनास्थल पर मौजूद शिवसेना (उबाठा) की विरार शहर इकाई के प्रमुख उदय जाधव ने बाद में इस कार्रवाई को उचित ठहराया।

## कारोबार/कृषि

# तिमाही नतीजे बाजार पर डालेंगे प्रभाव

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी होगी निवेशकों की नजर

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां करेंगी प्रभावित

घटनाक्रमों से भरे आगामी सप्ताह में कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम और मुद्रास्फीति के आंकड़े स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार को दिशा मिलेगी।

वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी अलमंड्ज ग्लोबल के वरिष्ठ इक्विटी शोध विश्लेषक सिमरनजीत सिंह भाटिया ने कहा, वैश्विक संकेतक घरेलू शेयर बाजार का रुख तय करते रहेंगे, लेकिन निवेशकों की निगाह भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के संभावित नतीजों पर रहेगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है, ऐसे में कुल मिलाकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इस अनिश्चित माहौल में कारोबारी कोई बड़ा सकारात्मक दांव लगाने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि पिछले सप्ताह बाजार में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जिसकी मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता और तिमाही नतीजों के सीजन की निराशाजनक शुरुआत थी। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11% नीचे आया। वहीं एनएसई का निफ्टी 311.15 अंक या 1.22% टूट गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे देखें तो कंपनियों का तिमाही नतीजों का सत्र महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियों के तिमाही के नतीजे आने हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, बाजार भागीदारों की निगाह 14 जुलाई को आने वाले थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

### शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी 2.07 लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274% से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81% की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474% की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274% बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# व्यापक आर्थिक भागीदारी: व्यापार का नया युग




व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) बहुपक्षीय व्यापार समझौता है, जिसे 15 एशिया-प्रशांत देशों ने 2020 में हस्ताक्षरित किया। इसका उद्देश्य व्यापार, निवेश, सेवा, बौद्धिक संपदा और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इसमें आसियान देशों के साथ चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। भारत शुरू में वार्ता में शामिल था, 2019 में कुछ चिंताओं के कारण इससे हट गया। आरसीईपी वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसके आर्थिक व रणनीतिक प्रभाव गहरे हैं।

### क्या है आरसीईपी

आरसीईपी एक महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है, जिसमें विश्व की लगभग 30% जनसंख्या और वैश्विक जीडीपी का 30% हिस्सा शामिल है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच टैरिफ कम करना, व्यापार को आसान बनाना और आर्थिक एकीकरण को प्रोत्साहित करना है। आरसीईपी विश्व का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता माना जाता है।

### वैश्विक स्तर पर महत्व

- यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र को एकीकृत कर वैश्विक आपूर्ति शृंखला को मजबूत करता है।
- चीन, जापान और द. कोरिया जैसे देश एक मंच पर आते हैं, जो निवेश-तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देता है।
- आरसीईपी से सदस्य देशों को नई बाजार पहुंच, निवेश के अवसर और निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि मिलती है।

### भारत का दृष्टिकोण

भारत ने घरेलू उद्योग, कृषि, डेयरी, और चीन से बढ़ते आयात की आशंका को देखते हुए इसमें शामिल न होने का फैसला किया। भारत को डर था कि आरसीईपी से चीनी वस्तुओं का बाजार में बाढ़ आ सकती है और घरेलू उत्पादक क्षमताओं को नुकसान हो सकता है।

### संभावित लाभ

- सदस्य देशों के लिए टैरिफ में कटौती से व्यापार में वृद्धि।
- निवेश प्रवाह और रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- संपत्ति अधिकार, ई-कॉमर्स और सेवा क्षेत्र में सुधार की संभावना।
- क्षेत्रीय स्थिरता और राजनीतिक सहयोग को बल।

# छोटी, मझोली इकाइयां भी देती हैं अच्छा रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी



- मिड और स्मॉलकैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम

हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि स्मॉल और मिडकैप फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।

उनका कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। सेबी के अनुसार, शीर्ष 100 कंपनियों को लार्ज, 101 से 250 कंपनियों को मिड और 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है। जहां लार्जकैप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 20,000 करोड़ या उससे अधिक होता है, वहीं मिडकैप का 5,000 से लेकर 20,000 करोड़ के बीच और छोटी कंपनियों की बाजारी पूंजी 5,000 करोड़ से कम होता है। हाल में मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव से निवेशकों को नुकसान हुआ है। कई विशेषज्ञों ने लोगों को ऐसी कंपनियों से दूर रहने की भी सलाह दी है। वाइट ओक कैपिटल एएमसी के निदेशक वैभव चुघ ने कहा, जोखिम निवेश के लिए चुनी कंपनियों में है, बाजार में नहीं। जब निवेशक अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए पहले के रिटर्न के पीछे भागते हैं और मान लेते हैं कि भविष्य में भी रिटर्न ऐसा होगा, तो निराशा हाथ लगती है।

# नकली उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाएं राज्य : कृषि मंत्री चौहान

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय मंत्री ने नकली और घटिया उत्पादों का परीक्षण करने को कहा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री पर कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने उनसे उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नकली और घटिया उत्पादों के नमूने लेने और परीक्षण करने को कहा है।

उन्होंने कहा, पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए और दोषसिद्धि के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 माह के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी कच्चे तेल का किया आयात

इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने से जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा, जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में 6% की गिरावट आई, जबकि रूस से आयात में मासिक आधार पर 8% की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। शोध संस्थान ने कहा कि रूस से किए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं। भारत अपनी ज़रूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत रूप से, पश्चिम एशिया इसका मुख्य स्रोत था, लेकिन तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से 8,93,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया, जो मासिक आधार पर 17.2% की गिरावट है। सऊदी अरब से आयात 5,81,000 बैरल प्रतिदिन (मई से अपरिवर्तित) रहा, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात 6.5% बढ़कर 4,90,000 बैरल प्रतिदिन हो गया।

# सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन डिब्बों में लगाए जाएंगे कैमरे

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि यात्रियों की सुरक्षा बढाने के लिए सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

प्रत्येक डिब्बे में चार और इंजनों में छह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे अत्याधुनिक होंगे और 100 किमी प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार में तथा कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाली फुटेज उपलब्ध कराएंगे। रेलवे के अनुसार यात्री डिब्बों में कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। कैमरे लगने के बाद अपराधी और संगठित गिरोह की गतिविधियों पर लगाम लगेगी जो यात्रियों का फायदा उठाते हैं।


हर डिब्बे में चार, इंजन में उच्च गुणवत्ता के छह कैमरे लगेंगे

यात्रियों की निजता को कायम रखने के लिए कैमरे दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में लगाए जाएंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को एक बैठक में इंजनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की है।

# वकीलों को ईडी के तलब करने पर सुप्रीम सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें जांच एजेंसियों द्वारा उन वकीलों को तलब करने का मुद्दा शामिल है जो पक्षकारों को राय देते हैं और मुकदमों में उनका प्रतिनिधित्व करते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यह मामला ईडी द्वारा वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब करने के मद्देनजर आया है। हालांकि, 20 जून को ईडी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे उन वकीलों को समन जारी न करें जिनके मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन जांच की जा रही है।

## क्यों इतनी लंबी खिंचती है...

# विमान दुर्घटना की जांच

विमान दुर्घटनाओं की जांच एक बेहद जटिल और तकनीकी प्रक्रिया है जो अंतरराष्ट्रीय रूप से निर्धारित होती है। इसी कारण ऐसी जांचें आम तौर पर वर्षों तक खिंच जाती है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि यह जांच सिर्फ दुर्घटना का कारण जानने तक सीमित नहीं होती बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, जांच के बाद इसके लिए भी सिफारिशें की जाती हैं। कुछ उदाहरण जांच रिपोर्ट पर विवाद के भी हैं। इनमें एक चर्चित विवाद बोइंग के अनधिकृत रूप से एमसीएएस सॉफ्टवेयर को लागू करने का था जिसमें खामी थी। दो हादसों के बाद इसका पता चला तो कंपनी पर 2.5 बिलियन डॉलर का जुर्माना डाला गया और उसके सीईओ को इस्तीफा भी देना पड़ा।

### ये होती है जांच की प्रक्रिया

- ब्लैक बॉक्स डेटा विश्लेषण : क्रैश साइट से ब्लैक बॉक्स निकालना, डेटा रिकवर कर उसे डीकोड करना, इसमें काफी समय लगता है। आवाज और उड़ान संबंधी हर डेटा की बारीकी से जांच होती है।
- मलबे की फॉरेंसिक जांच : विमान के टुकड़ों की संरचना, जले हिस्से, इंजन आदि की जांच की जाती है ताकि पता लगाया जा सके कि कोई तकनीकी खराबी थी या विस्फोट हुआ।
- सावधानी की जरूरत : मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, पायलट ट्रेनिंग, मेडिकल रिकॉर्ड जैसे सभी पहलुओं की जांच होती है। जांच के निष्कर्षों का सुबूत के तौर पर अदालतों में भी इस्तेमाल होता है।
- एजेंसियों में समन्वय : एयरलाइन, विमान निर्माता, इंजन निर्माता, स्थानीय अथॉरिटी और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की जांच में सहभागिता होती है, इनके समन्वय में भी समय लगता है।



### जांच के प्रमुख बिंदु

- मानव त्रुटि, थकान, प्रशिक्षण के बिंदुओं पर पायलट की भूमिका की जांच होती है।
- इंजन, कंट्रोल सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि तकनीकी पहलुओं पर फोकस रहता है।
- मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, संवाद, समय, निर्देशों का विश्लेषण किया जाता है।
- मलबे की स्थिति, ब्लैक बॉक्स डेटा, अलार्म और कंट्रोल मूवमेंट की स्थिति देखी जाती है।
- मेंटीनेंस रिकॉर्ड, हालिया मरम्मत, टक्कर, आग और विस्फोट के संकेत।

### ये एजेंसियां होती हैं शामिल

भारत की डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और यूरोप की यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी। जांच के लिए एयरबस बोइंग, रोल्स रायस जैसी निर्माता कंपनियां भी अपने इंजीनियर भेजती हैं। एयरोस्पेस इंजीनियर, मौसम विशेषज्ञ, मानव व्यवहार विशेषज्ञ भी जांच प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक सुनिश्चित करने के लिए आईसीएओ के पर्यवेक्षक शामिल होते हैं।

### ऐसे होती है जांच रिपोर्ट तैयार

जांच रिपोर्ट के मसौदे में हादसे का विस्तृत विवरण, जांच में पाए गए तथ्य, संभावित कारण और सुरक्षा के लिए सुझाव शामिल होते हैं। इस मसौदे को आईसीएओ जैसे अंतर्राष्ट्रीय निकायों और दूसरे संबंधित पक्षों को भेजा जाता है। संबंधित देश, एयरलाइन और निर्माता कंपनी से भी इस पर टिप्पणी मांगी जाती है। कोई पक्ष असहमत हो तो डिसेंट नोट जोड़ा जाता है। टिप्पणियों की समीक्षा के बाद अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से जारी की जाती है। इसके साथ सुरक्षा सुधारों की सिफारिशें भी होती हैं जिन्हें देश की एविएशन अथॉरिटी लागू करती है।

## एक नजर

### बांग्लादेश : मुक्ति संग्राम प्रदर्शन से जुड़ा ढांचा ध्वस्त

**ढाका।** बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के युद्ध अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने की मांग को लेकर 2013 में शाहबाग में हुए विरोध प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया है। यह ढांचा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की भावना की प्रकटीकरण स्थल के रूप में उभरा था। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने रविवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक यहां शाहबाग स्थित प्रोजोनमो छत्तर संरचना को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को ध्वस्त कर दिया गया। शाहबाग पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी (ओसी) खालिद मंसूर ने पुष्टि की कि आवास और लोक निर्माण मंत्रालय की ओर से संरचना को ध्वस्त कर दिया गया है।

### छात्रों ने विकसित किया ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम

**फगवाड़ा।** सीमा पार तस्करी, निगरानी और अनधिकृत घुसपैठ के लिए ड्रोन के बढ़ते दुरुपयोग के जवाब में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के छात्रों ने एक अत्याधुनिक, एआई-संचालित ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम विकसित किया है। यह प्रणाली एक साधारण कैमरे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके वास्तविक समय में ड्रोन का पता लगाती है और जो महंगे रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित प्रणालियों का एक कम लागत वाला विकल्प प्रदान करती है।

### हिमाचल में ड्रग्स मामले में 5000 केस दर्ज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ढाई वर्षों में मादक पदार्थों से संबंधित पांच हजार से अधिक एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए हैं और करीब 37 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। राज्य ने हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण और नियंत्रण), 2025, और हिमाचल प्रदेश मादक पदार्थ और नियंत्रित पदार्थ (निवारण, नशामुक्ति और पुनर्वास), 2025 नाम से दो कानून बनाए। इनमें मृत्युदंड, आजीवन कारावास और संपत्ति जब्ती सहित कठोर दंड के प्रावधान हैं।

### पाकिस्तान में नाटक समूह ने किया रामायण का मंचन

**कराची।** कराची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन करके सुर्खियां बटोर रहा है। सप्ताहांत में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिली है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा।

# अटकलों के आधार पर विमान के पायलटों को बदनाम करना गलत

## पायलट एसोसिएशन ने जताया विरोध, कहा- पायलटों ने जिम्मेदारी से किया काम

मुंबई, एजेंसी

'इंडियन कॉमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन' (आईसीपीए) ने रविवार को कहा कि पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एआई171 उड़ान के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने प्रशिक्षण और जिम्मेदारियों के अनुरूप काम किया। उन्हें अटकलों के आधार पर बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

एसोसिएशन ने कुछ हलकों में पायलट के आत्महत्या करने संबंधी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जब तक आधिकारिक जांच पूरी नहीं हो जाती और अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, कोई भी अटकलबाजी अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। 'एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' ने भी एअर इंडिया विमान दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग करते हुए शनिवार को दावा किया था कि हादसे की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। आईसीपीए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया में 'नैरो बॉडी' वाले विमान बेड़े के पायलटों का संगठन है। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून को बोइंग 787-8 विमान हादसे की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी कर दी है, जिसमें कुल 260 लोग मारे गए थे।


अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुआ एअर इंडिया का विमान। ● फाइल फोटो

### पायलट पर निष्कर्ष जल्दबाजी: पूर्व एएआईबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** एएआईबी के पूर्व प्रमुख अरबिंदो हांडा ने कहा कि विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट से पायलट की भूमिका के बारे में निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। अंतिम रिपोर्ट में दुर्घटना के सर्वाधिक संभावित कारण का उल्लेख होगा। हांडा ने कहा, हमें एएआईबी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच पूरी करने देनी चाहिए। हांडा ने 2020 में कोझिकोड में हुई विमान दुर्घटना सहित सौ से अधिक विमान दुर्घटनाओं की जांच की है। उन्होंने कहा, एएआईबी ने अच्छा काम किया है। वे अब यह पता लगाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि ये ईंधन स्विच क्यों और कैसे हिले। क्या कोई यांत्रिक और/या विद्युत विफलता/खराबी हो सकती है।

### जांच का हिस्सा बनने के लिए कानूनी रास्ता तलाश रहा है एएलपीए

**मुंबई।** पायलटों के समूह एएलपीए-इंडिया ने रविवार को कहा कि वह एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना की जांच में अपने सदस्यों को शामिल करने के लिए कानूनी सहारा लेने पर विचार कर रहा है। इससे एक दिन पहले उसने आरोप लगाया था कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए-इंडिया) देश भर की एयरलाइन और हेलीकॉप्टर कंपनियों के 800 से अधिक पायलटों का प्रतिनिधित्व करता है। यह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (आईएफएएलपीए) का एक सदस्य है। आईएफएएलपीए का दावा है कि 100 देशों के एक लाख पायलट इसके सदस्य हैं।

# व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने चीन पहुंचे अल्बनीज

**बीजिंग।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज चीन के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बीजिंग की यात्रा पर हैं। अल्बनीज ने रविवार को शंघाई पार्टी के सचिव चेन जिनिंग से मुलाकात की, जो उच्च स्तरीय मुलाकात की श्रृंखला में पहली है।

इस दौरान उनका चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, प्रधानमंत्री ली क्विंग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष झाओ लेजी के साथ बैठकें करने का भी कार्यक्रम है। अल्बनीज शनिवार को शंघाई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चीन के सरकारी प्रसारक सीजीटीएन से बातचीत में कहा कि वह ''बहुत बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल'' का नेतृत्व कर रहे हैं, जो ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच आर्थिक संबंधों के महत्व को रेखांकित करता है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक एक सप्ताह की यात्रा के दौरान, अल्बनीज शंघाई और चेंग्दू में व्यापार, पर्यटन और खेल प्रतिनिधियों से मिलेंगे। वह मंगलवार को बीजिंग में सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

- सीईओ के गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

# जम्मू-कश्मीर के कई प्रमुख राजनीतिक नेता नजरबंद

श्रीनगर, एजेंसी

- मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबाबू समेत कई नेताओं ने लगाए आरोप

जम्मू-कश्मीर में भाजपा को छोड़कर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी दलों के प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने रविवार को दावा किया कि 1931 में आज ही के दिन डोगरा सेना द्वारा मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने से उन्हें रोकने के लिए नजरबंद कर दिया गया। हालांकि उनके जाने के दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए इस घटना की तुलना जलियांवाला बाग हत्याकांड से की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, 13 जुलाई का नरसंहार हमारे लिए जलियांवाला बाग है। कश्मीर भी ब्रिटिश हुकुमत का हिस्सा था। यह कितनी शर्म की बात है कि ब्रिटिश शासन के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने वाले सच्चे नायकों को आज केवल इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है क्योंकि वे मुसलमान थे।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि दिल्ली और कश्मीरियों के बीच अविश्वास तभी खत्म होगा जब भारत कश्मीरी 'शहीदों' को अपना मानेगा। उन्होंने दावा किया, खुर्शीद आलम, जोहेब मीर, हामिद कोहशीन, आरिफ लियागरू, सारा नईमा, तबस्सुम, बशारत नसीम सहित पार्टी के कई नेता जो घरों से निकलने में कामयाब रहे, उन्हें थानों में हिरासत में लिया गया है। वे मजार-ए-शुहादा जा रहे थे। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने भी दावा किया कि उन्हें अपने घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि कश्मीर अपने बेटों-बेटियों के बलिदान की दर्दनाक गाथा का गवाह है। फारूक शुक्रवार से नजरबंद हैं।

### मजार-ए-शुहादा जाने वाले सभी रास्ते सील

जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने रविवार को शहर के नौहट्टा इलाके में शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया। शहीद दिवस पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर श्रीनगर शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केवल अधिकारियों और सुरक्षाबलों के वाहनों को ही प्रवेश मार्गों पर लगाए गए अवरोधक को पार करने की अनुमति दी गई है।

# अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने की तैयारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज़' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं।

नोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज़' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 100 वर्ग किमी में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था।


गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने की घोषणा

### ट्रंप के खिलाफ मुकदमों में शामिल रहे अभियोजक बर्खास्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध की गई अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल अतिरिक्त वकीलों और सहयोगी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि कुल कितने लोगों को बर्खास्त किया गया है, लेकिन यह कार्रवाई जैक स्मिथ द्वारा शुरू की गई गोपनीय दस्तावेज़ों और चुनाव हस्तक्षेप से जुड़ी दोनों अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल लोगों के खिलाफ की गई है।

# इजराइली सेना के हमलों में मारे गए 110 से ज्यादा फलस्तीनी

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं।

अल जजीरा ने बताया कि ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इजराइल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने निंदा की है। गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5,000 अन्य घायल हुए हैं।

## परंपरा


पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बेलिया में बंगाली महीने अषार के दौरान लोग धर्मराज मंदिर के सामने कीचड़ में लोटने के बाद तालाब में डुबकी लगाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे गठिया रोग ठीक होता है और देवता का आशीर्वाद मिलता है। एजेंसी

# भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में तिब्बत से जुड़े मुद्दे कांटा: चीन

नई दिल्ली, एजेंसी

चीनी दूतावास ने रविवार को कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी सहित तिब्बत से संबंधित मुद्दे भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में एक 'कांटा' हैं और वे नई दिल्ली के लिए एक 'बोझ' बन गए हैं। यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर की शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के लिए चीन यात्रा से पहले आई है।

पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच गंभीर तनाव के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। भारत और चीन ने पिछले वर्ष अक्टूबर में पूर्वी लद्दाख के गतिरोध वाले अंतिम दो स्थानों से अपने-अपने सैनिक पीछे हटाए हैं। गत कुछ महीनों में दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं।

इस महीने की शुरुआत में दलाई लामा ने कहा था कि तिब्बती बौद्धों के एक ट्रस्ट को उनके भावी उत्तराधिकारी को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार होगा। चीन ने दलाई लामा की टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि उनके उत्तराधिकारी को चीनी सरकार को मंजूरी देनी चाहिए।


जयशंकर की बीजिंग यात्रा से पहले चीनी दूतावास की टिप्पणी

चीनी दूतावास के प्रवक्ता यु जिंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पूर्व अधिकारियों सहित रणनीतिक और शैक्षणिक समुदायों के सदस्यों ने दलाई लामा के उत्तराधिकारी के संबंध में भारत सरकार के सार्वजनिक रुख के विपरीत अनुचित टिप्पणी की है।

# बांग्लादेश: हिंदू कबाड़ व्यापारी की हत्या में 7 गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक कबाड़ व्यापारी की हत्या के सिलसिले में अब तक कम से कम सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। नौ जुलाई को हत्या के बाद हमलावरों के लाश पर नाचने से मामला चर्चा में आया था। इस घटना से पूरे बांग्लादेश में आक्रोश फैल गया था।

गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि नौ जुलाई को मिटफोर्ड अस्पताल के पास लाल चंद उर्फ सोहाग की जघन्य हत्या के बाद रविवार को देशव्यापी तलाशी अभियान शुरू किया गया। बृहस्पतिवार को सामने आए वीडियो में व्यापारिक विवाद के बाद कबाड़ विक्रेता की कंक्रीट के स्लैब से हमला कर हत्या करते हुए दिखाया गया। मौत की पुष्टि के बाद हमलावर उसकी लाश पर नाचते रहे।

## पहल

पश्चिम बंगाल के दीघा में दूसरा जगन्नाथ धाम बनाए जाने और इस्कॉन के साथ विवादों के बाद सरकार ने लिया निर्णय

# जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का कॉपीराइट लेगा ओडिशा

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी के प्रतीकात्मक राजा गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब ने कहा है कि राज्य सरकार ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का 'कॉपीराइट' हासिल करने की कवायद शुरू कर दी है ताकि इसकी पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की रक्षा की जा सके।

विदेशों में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा भगवान जगन्नाथ के अनुष्ठानों के असामयिक आयोजन और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दीघा में स्थित एक मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' घोषित करने को लेकर भगवान जगन्नाथ के भक्तों में व्याप्त रोष के बीच देब का यह बयान आया है। भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक माने जाने वाले गजपति महाराज ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपराओं का घोर उल्लंघन है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को समुद्र तटीय शहर दीघा में एक मंदिर का उद्घाटन किया और इसे 'जगन्नाथ धाम' नाम दिया, जिससे ओडिशा सरकार, पुरी गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती और बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाराज हो गए। इस्कॉन को दीघा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव और देवी सुभद्रा की पूजा और अनुष्ठान करने का कार्य सौंपा गया है।

हाल ही में विदेशों में रथ यात्रा उत्सव को, पुरी में पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले उत्सव से अलग तिथियों पर आयोजित करने को लेकर इस्कॉन को आलोचना का सामना करना पड़ा है। देब ने कहा, इस्कॉन द्वारा वर्ष में अनियमित समय पर रथ यात्रा और स्नान यात्रा (स्नान अनुष्ठान) निकालना और दीघा मंदिर को जगन्नाथ धाम घोषित करना दुनिया भर में भगवान जगन्नाथ के प्रत्येक भक्त के लिए अत्यंत चिंता का विषय हैं। यह हमारे पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपरा का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आपत्तियां जताए जाने के बाद, भारत में इस्कॉन ने शास्त्रों द्वारा निर्धारित तिथियों पर भगवान जगन्नाथ की 'स्नान यात्रा' और रथ यात्रा निकालने की स्थापित परंपरा का सम्मान करने का निर्णय लिया है।

### ममता से किया है मंदिर का नाम बदलने का आग्रह

मई में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उनसे दीघा स्थित नए मंदिर के लिए जगन्नाथ धाम शब्द के इस्तेमाल पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि दोनों राज्य सरकारें इस मुद्दे को सुलझा लें। अगर ऐसा होता है, तो सभी विवादों का अंत हो जाएगा। देब ने कहा, इसे कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें परंपरा के उल्लंघन को रोकने के लिए अन्य संभावनाओं पर विचार करना होगा। सरकार विशेषज्ञों की राय लेकर उचित कदम उठाएगी।